ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • चैत्र कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2079 • रविवार, 19 मार्च 2023 • वर्ष-24 • अंक-46 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



सोनाली कुलकर्णी के बयान पर भड़की ... पेज 12 पर



# झारखण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय

## सभी बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य



- 80 उत्कृष्ट विद्यालय, 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल, 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय
- सरकारी स्कूलों के 15 लाख से अधिक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य
- शिक्षा में समानता, गुणवत्ता और मानक तय करना
- बदलते समय के अनुरुप विद्यार्थियों को अत्याधुनिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- सीबीएसई से मान्यता तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय गाइडलाइन्स के अनुरुप आउटकम फ्रेमवर्क

मेरा मानना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार है।

मेरा प्रयास रहा है कि सरकारी स्कूल शिक्षा और प्रशिक्षण के मानकों को पूरा करें, ताकि राज्य में समावेशी शिक्षा की समानता और गुणवत्ता को सक्षम बनाया जा सके।

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- एकीकृत STEM लैब्स
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण

PR No. 293035 (School Education and Literacy) 2022-23

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

# भाजपा विधायकों ने फिर किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के 12वें दिन भी भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने आईएएस राजीव अरुण एक्का को बर्खास्त करने और हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मौके पर भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने शनिवार को कहा कि जब राजीव अरुण एक्का पर आरोप लगा तो सरकार ने उनका तबादला कर दिया। यह सजा नहीं है। सरकार अगर उनपर कोई कार्रवाई करती, जांच होती या उन्हें बर्खास्त किया जाता है, तब वह सजा होती। भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि अगर सरकार इसपर कोई ठोस फैसला नहीं लेती है, तो इस बात को सदन में उठायेंगे। फिर सरकार यह न कहे कि विपक्ष सदन को बाधित कर रहा है। दूसरी तरफ छतरपुर विधायक पुष्पा देवी विधानसभा के मुख्य द्वार पर अपने विधानसभा क्षेत्र के चार प्रखंडों (नौडीहाबाजार, पड़वा, पाटन और छतरपुर) में डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग को लेकर धरना दिया। पुष्पा देवी ने कहा कि इन प्रखंडों में बाहर से आकर डॉक्टर इलाज करते हैं और यहां के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन चारों प्रखंडों में डॉक्टरों की नियुक्ति तत्काल की जाये।

# विधायक ने विस में बांध योजना का मामला उठाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा में शनिवार को गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना मामला उठाया। उन्होंने तारांकित प्रश्न करते हुए सदन के माध्यम से सरकार से यह पूछा कि बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना का इंटेकवेल की गहराई कम होने एवं उचित स्थान पर नहीं होने के कारण अब तक शुद्ध, स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो रहा है। इस वजह से 20 हजार से ज्यादा लोग पेयजल से वंचित हैं। साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि सरकार बांध जलापूर्ति योजना के लिए तेनुघाट डैम से पानी लेकर नया इंटेकवेल एवं डब्ल्यूटीपी, पाइपलाइन बिछाते हुए नई जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति कराना चाहती है है या नहीं। इस पर जवाब देते हुए राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि बांध पंचायत में जलापूर्ति योजना के डीपीआर के अनुरूप प्रस्तावित स्थल पर बोकारो नदी में इंटक वेल बनाया गया है। दो वर्षों के ओ एंड एम के उपरांत योजना वीडब्ल्यूएससी को हस्तांतरित कर दी गई है। वीडब्ल्यूएससी के द्वारा जलकर की राशि से योजना का संचालन मरम्मत एवं संप्रेषण किया जा रहा है। योजना चालू है। उन्होंने सदन को यह बताया कि बांध ग्रामीण जलापूर्ति योजना से बांध, महली बांध ग्रामों की जलापूर्ति की जाती है। पलानी ग्राम को झिरके ग्रामीण जलापूर्ति योजना से जलापूर्ति की जा रही है। भुरकुण्डवा ग्राम को सीसीएल के द्वारा जलापूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त इन ग्रामों में नलकूपों के जलापूर्ति की जा रही है। बांध पंचायत में 4156 आबादी के बीच 23 ,महली बांध में 1160 आबादी के बीच 17, पलानी में 396 आबादी के बीच 08 और भुरकुण्डवा में 347 आबादी के बीच 05 नलकूप है।

## कोर्ट की खबरें

### हाई कोर्ट में राज्य ट्रांसपोर्ट के सेवानिवृत्त कर्मियों के पेंशन मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की कोर्ट में शनिवार को राज्य ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के सेवानिवृत कर्मियों के पेंशन भुगतान से संबंधित अवमानना मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित राज्य सरकार द्वारा दाखिल एसएलपी को खारिज कर दिया है। साथ ही सरकार को छूट दी है कि वह चार महीने में आदेश का अनुपालन करें और हाई कोर्ट को सूचित करे। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चार माह में आदेश का अनुपालन करने को लेकर आदेश दिया है। इसलिए मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट में ट्रांसपोर्ट सचिव के श्रीनिवासन सशरीर हाजिर हुए थे। कोर्ट ने परिवहन सचिव को निर्देश दिया था कि 20 दिनों में याचिकाकर्ता के पेंशन राशि का भुगतान सुनिश्चित करें अन्यथा अगली सुनवाई में मुख्य सचिव के साथ परिवहन सचिव कोर्ट में हाजिर होना होगा। इसपर अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने कोर्ट को बताया था कि इससे संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। दरअसल, अलग राज्य गठन के बाद हुए कैडर विभाजन में झारखंड आए ट्रांसपोर्ट कर्मियों का राज्य ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन में समायोजन किया गया था लेकिन बाद में जब वह सेवानिवृत्त हुए तो पेंशन के लिए ट्रांसपोर्ट विभाग ने उस पुरानी अवधि को नहीं जोड़ा, जिसे ट्रांसपोर्ट कर्मियों ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले से संबंधित दायर याचिका को निष्पादित करते हुए हाई कोर्ट की एकल पीठ ने आदेश दिया कि राज्य ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के सेवानिवृत्त कर्मियों का पेंशन भुगतान पुरानी अवधि को जोड़कर करे लेकिन भुगतान नहीं हुआ। हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट खंडपीठ में अपील दाखिल किया, जिसमें कोर्ट ने सरकार की अपील को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है लेकिन इस मामले में अभी सुप्रीम कोर्ट से कोई स्टे नहीं मिला है। हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर परिवहन विभाग के कर्मियों ने कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

### अधिवक्ता राजीव व अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटिशन पर 25 को सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपित वकील राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 25 मार्च निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में अब उनके खिलाफ आरोप गठन होना है। इसके पहले उनकी ओर से डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई है।

### सीडब्ल्यूसी में रिक्त पदों को लेकर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शनिवार को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में अंडरटेकिंग देकर बताया गया कि जेजे बोर्ड में छह रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। साक्षात्कार के बाद चयनित उम्मीदवारों के नाम की अनुशंसा कर दी गई है। सीडब्ल्यूसी में भी रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति पूरी हो जाएगी। इसके लिए 21 से 24 मार्च तक साक्षात्कार होना है। मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च को होगी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि नियुक्ति के लिए सलेक्शन कमेटी का चेयरमैन रिटायर्ड जस्टिस एके गुप्ता को बनाया गया है। जेजे बोर्ड में सोशल मेंबर के छह पद रिक्त हैं। सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन के छह पद रिक्त हैं। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। नियुक्ति के लिए आये आवेदनों की स्क्रूटनी की गयी है। बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की।

## साहसी पर्यटक मित्रों को सांसद ने किया सम्मानित

# पर्यटक मित्रों के हर समस्या के समाधान के लिए करूंगा काम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
विगत 12 मार्च को हुंडरू में पर्यटक मित्रों ने हजारीबाग के एक परिवार की जान बचाई। आज उन सभी पर्यटक मित्रों को सांसद संजय सेठ ने अपने कार्यालय बुलाकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने सभी पर्यटक मित्रों को प्रशस्ति पत्र दिया और राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार के द्वारा भेजे गए 25000 का चेक पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रदान किया। पर्यटक मित्रों से संवाद के क्रम में सांसद ने उनसे जानना चाहा कि किन परिस्थितियों में यह दुर्घटनाएं हो रही हैं। हम कैसे इन्हें रोक सकते हैं। पर्यटक मित्रों ने सांसद को ऐसे पर्यटक क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं और उसके कारणों से अवगत कराया। इसके साथ ही पर्यटक मित्रों ने रांची के पर्यटन स्थलों में सुविधाएं बढ़ाने और वहां की समस्याओं से भी सांसद को अवगत कराया। सांसद ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए और पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उनसे जो भी संभव हो सकेगा, वह हर कदम उठाएंगे। रांची लोकसभा क्षेत्र की दृष्टि से आगे हो, पर्यटक मित्र भी आगे बढ़े, इसके लिए सांसद ने हर सार्थक पहल करने की बात कही। सांसद ने इस दौरान कहा कि अपनी जान की परवाह किए बिना, इन्होंने जो कार्य किया वह अद्वितीय है। ऐसे साहसी पर्यटक मित्रों को सम्मानित करते हुए मुझे भी गौरव का अनुभव हो रहा है। की बेहतरी के लिए जो भी संभव हो सकेगा मैं हर कार्य करूंगा।

# सीएम से मिले टिमकेन इंडिया के अध्यक्ष



**नवीनमेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में दुनिया के अग्रणी बियरिंग बनाने वाली कंपनी टिमकेन इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-इंडिया एवं साउथ-एशिया तथा प्रबंध निदेशक-इंडिया संजय कौल एवं यूएसए कैंटोन फाउंडेशन के ट्रेजरर हेनरी एच टिमकेन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उन्होंने झारखंड में टिमकेन इंडिया लिमिटेड एवं टिमकेन फाउंडेशन के द्वारा आदिवासी समुदाय के विकास में किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जमशेदपुर में स्थित टिमकेन इंडिया लिमिटेड एंड टिमकेन फाउंडेशन ने जमशेदपुर के आस-पास आदिवासी क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए हैं। कई स्कूल-कॉलेजों का निर्माण कराया है। झारखंड के अन्य जिलों में भी आदिवासी विकास को बृहद रूप देने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। संजय कौल एवं हेनरी एच टिमकेन ने राज्य तथा राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिए मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष झारखंड में आदिवासी विकास की संभावनाओं पर कार्य करने इच्छा जताई। साथ ही राज्य में महुआ फ्लावर इंस्टिट्यूट तथा नेशनल इंस्टिट्यूट एथनो मेडिसिन की स्थापना किए जाने संबंधी विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं तोड़ंग ट्रस्ट की संस्थापक डॉ. वासवी किड़ो भी मौजूद रहीं।

# शताब्दी वर्ष में संघ को प्रत्येक बस्ती व गांवों तक पहुंचाना लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के वर्ष 2025 में सौ वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। शताब्दी वर्ष में संघ कार्य को देशभर के सभी मंडल, बस्ती और ग्रामों में पहुंचाना लक्ष्य है। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का केंद्र है। ये बातें संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने शनिवार को कही। संजय कुमार 12-14 मार्च तक हरियाणा के समालखा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से लौटने के बाद संघ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान क्षेत्र संघचालक देबव्रत पाहन, सह प्रांत प्रचार प्रमुख संजय कुमार आजाद भी मौजूद रहे। प्रांत कार्यवाह कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में ह्यस्वह्व आधारित राष्ट्र के नवोत्थान का संकल्प लेने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में संघ कार्य के पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा होती है। बैठक में झारंखड प्रांत में बस्ती एवं मंडल कार्य दृढ़ीकरण का विशेष वृत्त रखा गया। उन्होंने बताया कि झारखंड में संघ की दृष्टि से चार महानगरों में कुल 52 स्थानों पर 97 विद्यार्थी शाखा और 125 व्यवसायी शाखाएं चल रही हैं, जबकि ग्रामीण 24 जिलों में 488 स्थानों पर 454 विद्यार्थी और 162 व्यवसायी शाखाएं चल रही हैं। महानगर और ग्रामीण जिलों को यदि हम जोड़ दें तो आज झारखंड में कुल 540 स्थानों पर 838 दैनंदिनी शाखाएं कार्यशील हैं।

### जैन मंदिर का पंचकल्याणक संपन्न कराने महाराज पहुंचे खूंटी, भव्य स्वागत

रांची। खूंटी में बने जैन मंदिर के पंचकल्याणक (प्राण-प्रतिष्ठा) अनुष्ठान को संपन्न कराने छत्तीगढ़ से 600 किमी की दूरी पैदल तय कर 108 सुयश सागर महाराज खूंटी पहुंच चुके हैं। अपराह्न तीन बजे उनके खूंटी पहुंचने पर गायत्री नगर से ही जैन समाजियों ने उनकी अगुवाई व स्वागत करते हुए उनहें लेकर नगर भवन पहुंचे। इससे पूर्व महाराज जी को शहर भ्रमण कराया गया। बता दें कि 22 से 27 मार्च पंचकल्याण का कार्यक्रम चलेगा। इन पांच दिनों में आस्था और भक्ति की अविरल गंगोत्री बहेगी। इस आयोजन को लेकर मीडिया प्रभारी मोनी जैन एवं गौरव जैन ने बताया कि यह आयोजन प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के बैनर तले हो रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 108 सुयश सागर महाराज छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न कराकर खूंटी पहुंचे हैं। इस अवसर पर स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रांची जिला के मशहूर भजन गायक हेमंत सेठी भी खूंटी पहुंचे हैं।

# जीत की चाह के साथ वुशु दल रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लवली यूनिवर्सिटी ,जालंधर में आयोजित 6ठे फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज 16 सदस्यीय झारखंड दल रवाना हो गया। यह प्रतियोगिता दिनाँक 20 से 24 मार्च तक आयोजित की जाएगी जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों के बेहतरीन खिलाड़ी भाग लेंगे।
इसकी जानकारी देते हुए राज्य वुशु एसोसिएशन के सेक्रेटरी शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि यह दल सानसाउ और ताऊलू दोनों ही प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा सहित चंचल भट्टाचार्य, प्रोफेसर मुकुंद मेहता,उदय साहू,डॉ अंशु साहू,डॉ कविता सिंह,मिथलेश साहू,प्रियदर्शी अमर ,शैलेंद्र दुबे,रत्नेश कुमार,शशिकांत पांडे, गोकुलानंद मिश्र,रजि अहमद,दीपक गोप, रूपेश साहू,राजकुमार जैन ,मनोज महतो,अमरेंद्र दत्त,दीपक गोप,शिवेंद्र दुबे आदि ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है। झारखंड वुशु दल को खेल कूद एवम युवा कार्य निदेशालय के द्वारा किट प्रदान किया गया,दल में निम्न खिलाड़ी शामिल है।
बलराम तांती, गौतम कुमार, रणजीत महतो, बिनोद चक्रवर्ती, पूर्णिमा लिंडा, मिनी हांसदा, देवंती कुमारीं, भास्कर कुमार ठाकुर, ललन यादव, विक्रम कुमार गंझू, आयुष कुमार सॉ, जेठू कुमार गंझू, प्रशांत कैबरता, प्लेटोदिप सिंह, विशाल गंझू,शिवम उरांव।

## सेमीनार | हायर एजुकेशन ऑफ झारखंड विषय पर सेमीनार आयोजित

# उच्च शिक्षा मील का पत्थर साबित हुआ है




**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**
आरटीसी कॉलेज,ब दड़दाग के तत्वावधान में रोल आंफ अक्रेडेशन फ्रेमवर्क ऑफ नैक इन द डेवेलपमेंट ऑफ हायर एजुकेशन ऑफ झारखंड विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया। कॉलेज के विवेकानंद सभागार में आयोजित इस सेमीनार को बतौर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ.अजीत कुमार सिंहा ने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन करने का मुख्य आधार नैक है जो संस्थान के आंतरिक और बाह्य स्थिति का मूल्यांकन सुनिश्चित करता है। नई शिक्षा नीति-2020ने इसे मूल्यांकन का पैमाना बनाया है ऐसे में बदली हुई मौजूदा परिस्थिति में इसकी जटिलता को दूर करने के लिए इसकी बारीकियों को गहनता से समझने की जरूरत है. कुल पति ने जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के सर्वव्यापी करण में आर.टी.सी.कॉलेज ने मील का पत्थर का काम किया है. उन्होने कॉलेज के द्वारा नैक में ग्रेडिंग कराने के प्रयासों में समन्वय सहयोग करने का आश्वासन दिया.इस अवसर पर पूर्व सांसद राम टहल चौधरी,जैक के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो, रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.मुकूल चन्द्र महतो,झारखंड तकनीकी यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ.अमर कुमार चौधरी, दिलीप मंगराज,आर.एस. कॉलेज, गोविंदपूर धनबाद के प्राचार्य डॉ.प्रवीण कुमार सिंह, पीजी रांची विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो.विष्णु चरण महतो,आर.एम.डी.कॉलेज, पटिया भुवनेश्वर,ओडिसा के प्राचार्य प्रो.प्रशान्त राउत, एस.एस.जे.डिग्री कॉलेज,बोरियो,साहेबगंज,के प्रो.नजूल इस्लाम, लंगट बाबा कॉलेज, गिरीडीह के प्रो.कमल नयन, बी.बी.एम.कॉलेज, जहानाबाद के प्रो.प्रमोद कुमार, कॉलेज के अध्यक्ष डॉ.रूद्र नारायण महतो, निदेशक, डॉ.पारस नाथ महतो,प्राचार्य डॉ.भीम महतो एवं प्रो.शैलेन्द्र मिश्र ने सेमीनार में अपना विचार प्रकट किया. इसके आलावा की राज्यों से कॉलेज के प्राचार्य सम्मिलित हुए। साथ ही सेमीनार में बत्तीस रिचर्स स्कॉलरों ने भाग लिया. सेमीनार के टेक्निकल सेसन को डॉ.प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रो.प्रशांत राउत ने संबंधित किया.

# तीन दिवसीय रामचरितमानस कथा का शुभारंभ



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा गांव में तीन दिवसीय रामचरितमानस कथा एवं यज्ञ का शुभारंभ शनिवार को किया गया! कलश यात्रा में सम्मिलित हुए झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया, झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, भगीरथ महतो, पांडे महतो ,अनिल बेदिया, चैता महतो, दिलीप कुमार महतो, मुकेश महतो, फेंकना महतो, शंकर महतो, तपन मोदक, विनोद महतो, भक्त विष्णु चरण महतो आदि ।

# ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप की सभी तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती खुटी ,झारखंड में 19 से 26 मार्च2023 तक प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर महिला एवं पुरुष ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप 2023 आयोजित है,। जिसमें महिला वर्ग से 6 राज्यो की टीम झारखंड, ओडिशा, मिजोरम, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार की टीम भाग ले रही है वहीं पुरुष वर्ग से 7 राज्यो की टीम झारखंड, उड़ीसा, प.बंगाल ,बिहार, मिजोरम ,असम और त्रिपुरा की टीम भाग ले रही है। कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाले खूंटी में इस तरह राष्ट्रीय स्तर का पहली बार कोई भी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है विभिन्न राज्यों से आने वाले सभी टीमें पहुंच चुकी है , तकनीकी पदाधिकारी एवं आयोजक संबंधित सभी अधिकारी भी पहुंच चुके है।उनके रहने इत्यादि की पूरी व्यवस्था हो चुकी है स्टेडियम भी सज कर है तैयार। रविवार को दोपहर 04 बजे प्रतियोगिता का विधिवत उदघाटन होगा पर मैच की शुरूआत सुबह से ही हो जाएगी।
इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला प्रशासन खूंटी के सभी पदाधिकारी, हॉकी खूंटी के अध्यक्ष अशोक भगत, सचिव दशरथ महतो, अर्पण हंस,परमानंद कुमार, सुनील नायक, शुशील टोपनो,जुनास मुंडा, विश्वाशी पूर्ति सहित हॉकी पूरी उत्साह से लगे हुए है।हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह,सीईओ रजनीश कुमार,उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी भी खूंटी पहुंच चुके है।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● चैत्र कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 ● रविवार, 19 मार्च 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-46 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

सोनाली कुलकर्णी के बयान पर भड़की ... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### आईएएस राजीव एक्का को ईडी का फिर समन, 27 को बुलाया

**रांची।** मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को ईडी ने दोबारा समन भेजकर 27 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले आईएएस एक्का को ईडी ने समन भेजकर 15 मार्च को बुलाया था। एक्का ने ईडी को पत्र भेजकर विधानसभा सत्र का हवाला देते हुए 24 मार्च के बाद बुलाने का आग्रह किया था। जांच एजेंसी एक्का से यह जानने की कोशिश कर सकती है कि विशाल चौधरी से उनका क्या संबंध है। क्या दोनों के बीच पैसों का लेनदेन भी हुआ है। पिछले साल 24 मई को ईडी ने विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान चौधरी ने अपना मोबाइल फोन कचरे में फेंक दिया था। एक्का झारखंड के तीसरे आईएएस अधिकारी हैं, जिनसे ईडी पूछताछ करेगी। इससे पहले पूजा सिंघल और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से ईडी पूछताछ कर चुकी है।

### ड्रग्स माफिया : एक महिला सहित छह ड्रग्स पैडलर गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने मादक पदार्थ बेचने वाले नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। रांची के अलग अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए एक महिला समेत छह ड्रग्स पैडलर को धर दबोचा है। गिरफ्तार ड्रग्स पैडलर्स के पास से लाखों के ब्राउन शुगर बरामद किए गए है।

### भारत अपनी रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को दोटूक कहा कि भारत अपनी सीमाओं की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। आज भारत की छवि ऐसे देश की बन गई है जो अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को बचाने के लिये किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ संबंधों में आतंकवाद एक बुनियादी मुद्दा है, जिससे हम इनकार नहीं कर सकते।

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा को बताया कि सभी सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की इजाजत नहीं दी जाएगी। सभी कर्मचारियों को कार्यालय आने के लिए कहा जायेगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए घर से काम करने की अनुमति संभव नहीं है और कर्मचारियों को शारीरिक रूप से कार्यालय आना आवश्यक है।

(एजेंसियां)

# ये भारत का टाइम

## प्रधानमंत्री ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर हमला बोला | कुछ लोग भारत को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं : मोदी | पहले घोटालों की, अब विकास की खबर बनती है : पीएम

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में बिना नाम लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग भारत को नीचा दिखाने की बातें करते हैं। हम जानते हैं कि कुछ अशुभ होता है तो काला टीका लगाने की परंपरा होती है। कुछ लोगों ने इन शुभ मुहूर्तों में भी काला टीका लगाने का जिम्मा लिया है, ताकि नजर न लग जाए। भारत का सामर्थ्य दुनिया देख रही है। आज प्रॉमिस के साथ परफॉर्मेंस भी जुड़ गई है। पहले हेडलाइन होती थी कि इस सेक्टर में घोटाला हुआ, उसमें हुआ। आज भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक्शन की खबरें आती हैं। अब 'भ्रष्ट' अपने खिलाफ कार्रवाई के कारण हाथ मिला रहे हैं।



### दिल्ली से कम हुई नॉर्थ ईस्ट की दूरी

उन्होंने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के लोगों को पहले दिल और दिल्ली की दूरी अखरती थी। मैं वहां जाने की हाफ सेंचुरी मार चुका हूं। आज भारत दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। आज भारत दुनिया में नंबर वन स्मार्टफोन डेटा कंज्यूमर है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता है। आज भारत ग्लोबल फिनटेक एडॉप्श रेट में नंबर-1 है, आज भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको-सिस्टम है।

### कुछ लोग हमारे लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं

**मोदी** ने कहा कि पहले बम धमाके, नक्सली हमले की खबरें आती थीं। आज उन क्षेत्रों में विकास हो रहा है। आज पैसा सीधा गरीबों के खाते में जाता है। हमने शासन को ह्यूमन टच दिया है। बिना ह्यूमन टच गवर्नेंस के हम कोविड को हरा नहीं सकते थे। विपक्षियों पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग हमारे लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं, लेकिन भारत आगे बढ़ता रहेगा। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि लोकतंत्र उद्धार कर सकता है। मोदी ने कहा कि हर देश की विकास की यात्रा में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। ये भारत का समय है, ये सही समय है। दुनिया भी मान रही है कि ये भारत का समय है। कुछ देश जो पहले आगे बढ़े उनके सामने ऐसी परिस्थितियां नहीं रही, लेकिन जिस स्थिति में भारत आगे बढ़ रहा है वो चुनौतियां अलग हैं। 100 साल में सबसे बड़ी महामारी आई, रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है, दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था अस्त व्यस्त है। ऐसे में भारत की तारीफ होना छोटी बात नहीं है। भारत से चोरी की गई कलाकृतियों को वापस करने के लिए देशों के बीच प्रतिस्पर्धा है।

### एक नया इतिहास बन रहा है

**पीएम** ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को लेकर विश्वास से भरी हुई है। आज भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता है। ये एक नया इतिहास बन रहा है। 2023 के 75 दिन पूरे हुए हैं। इन 75 दिनों में देश का ऐतिहासिक ग्रीन बजट आया। कर्नाटक के शिवमोगा में एयरपोर्ट का लोकार्पण हुआ। मुंबई में मट्रो का अगला फेज शुरू हुआ। देश में दुनिया का सबसे बड़ा रीवर-क्रूज चालू हुआ। बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे शुरू हुआ। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का एक सेक्शन शुरू किया गया। मुंबई से विशाखापट्नम तक वंदे भारत ट्रेने शुरू हुई। आईआईटी धारवाड़ के स्थायी कैंपस का लोकार्पण हुआ। भारत ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों को परमवीर चक्र के विजेताओं के नाम किया। इन 75 दिनों में ही भारत ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथनॉल की ब्लेंडिंग करके ई-20 फ्यूल लॉन्च किया है। तुमकुरु में एशिया की सबसे बड़ी आधुनिक हेलिकॉप्टर फैक्ट्री का लोकार्पण हुआ। एयर इंडिया ने दुनिया का सबसे बड़ा एविएशन ऑर्डर दिया है। भारत ने महिला इंटरनेशनल टी-20 में वर्ल्ड कप जीता है।

# हम योजनाओं को अमल में लाते हैं : सीएम हेमंत



एक निजी समाचार चैनल के प्रोग्राम में बोलते हुए हेमंत सोरेन

### राज्य में विकास की गति को तेज करने का निरंतर हो रहा है प्रयास

### सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिगत सर्वजन पेंशन योजना की हुई शुरूआत

**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को कहा है कि उनकी सरकार सिर्फ कागजों में ही विकास नहीं करती वरन उन्हें धरातल पर भी उतारती है। वर्तमान सरकार के गठन के कुछ ही दिन हुए थे और वैश्विक महामारी कोरोना वायरस ने देश और दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। उस समय 'सर मुंड़ाते ही ओले पड़े' की कहावत चरितार्थ हुई। हमारी सरकार ठीक तरह से स्थापित भी नहीं हुई थी और हमें जीवन यापन के साथ-साथ जीवन को बचाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा, फिर भी हमारी सरकार ने काफी धैर्य और संवेदनशीलता के साथ राज्य वासियों के हितार्थ कई कार्य किए।

**ने कहा :** वैसे मजदूर वर्ग जो झारखंड से देश के विभिन्न राज्यों में स्वरोजगार के लिए गए थे, राज्य सरकार ने उन्हें सकुशल घर वापसी करायी। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य रहा जिसने अपने मजदूर वर्ग को सकुशल वापसी के लिए ऐतिहासिक पहल किया। बस, ट्रेन तथा हवाई मार्ग सहित कई माध्यम से देश के कोने-कोने से मजदूर भाईयों को वापस झारखंड लाया गया। वैश्विक महामारी के समय यहां के गरीब, किसान, मजदूर, जरूरतमंद लोगों के लिए हमारी सरकार ने जीवन यापन के कई द्वार भी खोलने का काम किया। स्वरोजगार की कई योजनाएं संचालित की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने कार्य योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही बनाई परंतु हमारी सरकार ने योजनाओं को कागज के साथ-साथ धरातल पर जाकर उतारने का काम कर दिखाया है। 'सरकार आपके द्वार' तथा 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत-पंचायत गांव-गांव में जाकर हमारी ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# सुपरफास्ट हो गई है कोरोना की स्पीड

## एक दिन में कोरोना के 800 से अधिक मामले दर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में शनिवार को 126 दिन के बाद एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 800 से अधिक मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 841 नए संक्रमणों के साथ, सक्रिय मामलों की संख्या अब बढ़कर 5,389 हो गई है। शनिवार को सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आधिकारिक आंकड़ों में कहा गया है कि देश में कोरोना केस बढ़कर 4.46 करोड़ (4,46,94,349) हो गया। झारखंड और महाराष्ट्र ने कोरोना से एक-एक मौत की सूचना दी है। केरल से दो लोगों की मौत की जानकारी मिली है। केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात में वायरल संक्रमण के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। भारत के दैनिक औसत नए कोविड मामले एक महीने में छह गुना बढ़ गए हैं। एक महीने पहले (18 फरवरी) औसत दैनिक नए मामले 112 थे, जबकि अब (18 मार्च) यह 626 है। सक्रिय मामलों में अब कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय कोविड-19 रिकवरी दर 98.80 प्रतिशत दर्ज की गई। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,58,161 हो गई है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत कोविड-19 टीके की 220.64 करोड़ खुराक दी गई है। केंद्र ने छह राज्यों को पत्र लिखकर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### जमशेदपुर में कोरोना से एक की मौत

**रांची।** झारखंड में कोरोना के पांच सक्रिय मरीज हैं। शनिवार को संक्रमण से एक 86 वर्ष के बुजुर्ग की मौत हो गई है। मृतक जमशेदपुर का रहने वाला था। वह कई बीमारियों से ग्रसित था। उसका टीएमएच हॉस्पिटल जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि कोरोना से राज्य में अब तक 5333 लोगों की मौत हो चुकी है।

# झारखंड विधानसभा में गरमाया अवैध खनन का मुद्दा

## विपक्ष ने अवैध खनन मामले की विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा में शनिवार को अवैध खनन का मामला गूंजा। विपक्ष ने अवैध खनन मामले की विधानसभा की कमेटी से जांच कराने की मांग की। विपक्ष के हंगामे के बीच विधानसभा की कार्यवाही दोपहर 12:30 बजे तक स्थगित कर दी गयी। इससे पहले भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि तीन साल में राज्य भर में अवैध पत्थर खनन और अवैध परिवहन के हजारों मामले सामने आये हैं। इसमें अवैध विस्फोटकों के इस्तेमाल का भी मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में लगभग 20 हजार करोड़ का खनन घोटाला हुआ है। विस्फोटक के दुरुपयोग का भी मामला सामने आया है। यह सीधे-सीधे एनआईए का मामला है। इसकी एनआईए से जांच होनी चाहिए। बिरंची नारायण ने कहा कि सरकार अपने कर्मों को छिपाने के लिए कभी सीबीआई जांच नहीं कराएगी लेकिन स्पीकर को इसकी विधानसभा की समिति से जांच करानी चाहिए, नहीं तो इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा।

इस पर जवाब देते हुए मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हेमंत सरकार में रघुवर सरकार से तीन गुना ज्यादा राजस्व वसूली खनन से हुई है। रघुवर सरकार में तीन साल में 15784 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था जबकि हमारी सरकार में तीन साल में 30949 करोड़ राजस्व खनन से मिला है। जहां तक एक्सप्लोसिव के दुरुपयोग का मामला है तो यह भारत सरकार की जिम्मेदारी है। एक्सप्लोसिव एक्ट भारत सरकार से नियंत्रित होता है।

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि साहिबगंज और पलामू में कई पहाड़ गायब हो गए। राजस्व क्या मिल रहा है, यह विषय नहीं है। विषय अवैध खनन का है। उन्होंने स्पीकर ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य सरकार 2024 तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कृतसंकल्पित : मिथलेश ठाकुर



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के 12वें दिन शनिवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई। राज्य में बिजली की लचर बिजली व्यवस्था का मामला सदन में गरमाया। विधायक अनंत ओझा ने राज्य में लचर बिजली व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग का बजट 4854 करोड़ होने के बावजूद राज्य के लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है। आज भी आठ से 10 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। राज्य में बिजली उत्पादन में गिरावट आई है जबकि उपभोक्ता छह लाख से बढ़कर 48 लाख हो गए हैं। बिजली की मांग 2500 मेगावाट है।

उनके इस सवाल के जवाब में मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 22 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है। राज्य गठन के समय उपभोक्ताओं की संख्या छह लाख थी, जो बढ़कर 49 लाख हो गयी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य को लगभग 3100 मेगावाट बिजली का आवंटन है। सरकार 2024 तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कृतसंकल्पित है।

**प्रदीप यादव ने बिजली उपभोक्ताओं को गलत बिल भेजे जाने का मामला उठाया :** विधायक प्रदीप यादव ने सदन में बिजली उपभोक्ताओं को गलत बिल भेजे जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड बिजली वितरण निगम निदेशालय को हमेशा उपभोक्ताओं की शिकायत मिलती है कि ऊर्जा मित्र गलत बिलिंग करते हैं। इसपर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सरकार को शिकायत मिली है, यह बात सही है। बिलिंग के दौरान गलत डाटा एंट्री होने पर सॉफ्टवेयर से ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## अमृतकाल

### रेल योजना के तहत 5,271 करोड़ रुपये दिए गए

# 57 रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के 57 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को हवाई अड्डे जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। अमृत-भारत योजना के तहत सरकार ने स्टेशनों में सुविधाओं की बढोत्तरी का फैसला लिया है। इसके लिए अलग से बजट तैयार किया गया और उसे मंजूरी भी दे दी गयी है। योजना के तहत झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों की व्यवस्था को बेहतर बनाया जायेगा। इसके लिए 176.53 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है।

झारखंड में रेलवे परिचालन को बेहतर करने और बुनियादी ढांचे को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से अमृत-रेल योजना के तहत 5,271 करोड़ रुपये दिए गए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि झारखंड को केंद्रीय बजट से राज्य के रेलवे बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 5,271 करोड़ रुपये



आवंटित किए गए हैं। झारखंड के लिए वार्षिक औसत बजट आवंटन 2009 और 2014 के बीच राज्य को मिलने वाले बजट से लगभग 11 गुना अधिक था।

केंद्र सरकार स्टेशन पर आधुनिक सुविधा देने और रेलवे के परिचालन को झारखंड सूबे में अधिक बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। रेल मंत्री वैष्णव ने पहले ही कहा था कि राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और कानून व्यवस्था में सहयोग करे, ताकि इन परियोजना को जल्द पूरा किया जा सके। केंद्र सरकार इन योजनाओं पर तेजी से काम करना चाहती है, ताकि तय समय से पहले इन योजनाओं को पूरा किया जा सके।

जिन स्टेशनों में यह काम होगा, उनमें टाटानगर रेलवे स्टेशन के साथ-साथ चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले बड़ाजामदा, बरकाकाना, मनोहरपुर, घाटशिला, चांडिल, राजखरसावां, मुरी, सीनी स्टेशन भी शामिल है। टाटानगर से गोड्डा के बीच चलने वाली साप्ताहिक ट्रेन के समय में 20 मार्च से बदलाव किया गया है। इसके तहत यह ट्रेन दोपहर दो बजे की बजाय दोपहर 2.35 बजे रवाना होगी। इसी तरह कई ट्रेन के परिचालन का वक्त बदला गया है या उनके ठहरने के समय में बदलाव किया गया है।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप का आत्मसमर्पण

**पटना।** बिहार पुलिस के दबाव के बाद चर्चित यू ट्यूबर मनीष कश्यप ने शनिवार को बेतिया पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उस पर तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले की अफवाह फैलाने का आरोप है। पुलिस ने अपने बयान में इस बात की पुष्टि की कि कश्यप ने बेतिया जिले के जगदीशपुर पुलिस थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पश्चिम चंपारण जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) उपेंद्र नाथ वर्मा ने कहा, पश्चिम चंपारण जिला पुलिस और आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की संयुक्त कार्रवाई के कारण मनीष कश्यप ने जगदीशपुर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। उनके आत्मसमर्पण के बाद एजेंसियों ने बेतिया शहर के मझोलिया इलाके में स्थित कश्यप के घर की संपत्ति की कुर्की को रोक दिया।

### खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# अमृतपाल सिंह सहित सात गिरफ्तार हुए

### इंटरनेट सेवाएं बंद, धारा 144 लागू

**एजेंसी। जालंधर**

पंजाब में जालंधर पुलिस ने खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को 'वारिस पंजाब दे' के अध्यक्ष एवं खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके छह अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया। अमृतपाल सिंह और उसके अन्य छह साथियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने के लिए सोशल मीडिया पर अपील की है। प्रशासन ने किसी



भी तरह की अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए रविवार तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया है।

मोगा में धारा 144 लागू कर दी गई है, जहां अमृतपाल सिंह ने एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होना था। अमृतपाल सिंह के छह साथियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया था, जब उनका काफिला रामपुराफूल की तरफ जा रहा था।

NEWS इन ब्रीफ

## रांची में अवैध शराब लदा वाहन जब्त

**रांची।** रांची पुलिस और उत्पाद विभाग ने संयुक्त छापा मारकर अवैध शराब से लदा वाहन जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने अवैध शराब आने की सूचना मिलने पर पुलिस और उत्पाद विभाग को सतर्क रहने के आदेश दिए थे। जब्त वाहन में 100 पेटी ब्लैक हॉर्स शराब लोड थी। पुलिस का कहना है कि यह दूसरे राज्य से अवैध रूप से लाई गई थी।

## श्री हनुमान मंडल का वार्षिकोत्सव दो अप्रैल को

**रांची।** नगर की धार्मिक संस्था श्री हनुमान मंडल का 45वां वार्षिकोत्सव दो अप्रैल को मारवाड़ी भवन में होगा। सुबह सात बजे गणेश पूजन शुरू होगा और रात 10 बजे महाआरती के साथ संपन्न होगा। श्री हनुमान मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। इसमें 50 से अधिक पुरुष और महिलाएं योगदान दे रहे हैं।

## सरहुल महोत्सव की तैयारी शुरू, 24 को शोभयात्रा

रांची। झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा सरहुल पूजा महोत्सव की तैयारी में जुट गई है। इस वर्ष भी यह पर्व पाहनों की अगुवाई में तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 23 को उपवास, 24 को पूजा शोभायात्रा और 25 मार्च को घर-घर फूलखोंसी कार्यक्रम होगा। समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा कि जनजाति समाज की पहचान बोली, भाषा, संस्कार और संस्कृति के साथ रुढ़ी प्रथा अनुष्ठान परंपरा है।

## सोफा खरीदने का झांसा देकर क्यूआर कोड स्कैन कराया

**रांची।** रांची में साइबर क्राइम ब्रांच की टीम लगातार अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है। इसके बावजूद साइबर अपराधी किसी न किसी व्यक्ति को तरह-तरह के हथकंडे लगाकर उनके खाते से पैसा उड़ा रहे हैं। ताजा मामला गोंदा थाना क्षेत्र का है। कांके रोड शैलजा अपार्टमेंट के रहने वाले शुभम सिंह को सोफा बिक्री का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने उनके खाते से करीब दो लाख रुपए की ठगी कर ली। इस संबंध में शुभम ने गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़ित को पिता से बातचीत तय होने का दिया झांसा शुभम ने पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया। कहा कि सोफा सेट बिक्री की बात उनके पिता से हो गयी है। सोफा सेट वे खरीद रहे हैं। उन्हें 35 हजार रुपए आपके खाते में भेजना है। ठग ने उन्हें क्यूआर कोड भेजा और कहा कि इसको स्कैन करें, ताकि उन्हें राशि भेजी जा सके। जैसे ही शुभम ने क्यूआर कोड स्कैन किया, उनके खाते से कई बार में करीब दो लाख रुपए की अवैध निकासी हो गयी। इसकी जानकारी उन्हें बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर पता चला।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने मारी बाजी

**रांची।** मेकॉन स्टेडियम में सीसीएल की ओर से आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में एयर इंडिया को तीन विकेट से हराकर बैंक ऑफ बड़ौदा ने ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एयर इंडिया की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 172 बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंक ऑफ बड़ौदा की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट शेष रहते इस मैच को जीत लिया। अक्षय को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पूरे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बबलू कुमार को मैन ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया।

# वाईबीएन विवि में जागरुकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रखंड कार्यालय नामकुम एवं वाईबीएन विश्वविद्यालय की एनएसएस समिति ने लाली गांव में ₹प्रधानमंत्री आवास योजना₹ जागरूक्ता रैली आयोजित की। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच जागरूकता फैलाने को लेकर एवं योजना की जानकारी आम लोगों तक पहुंचने को लेकर यह रैली आयोजित की गई। योजना के बारे में बताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि इस योजना के तहत हर लाभार्थियों को 3 अलग-अलग किस्तो में 40-85-05 हजार करके 1 लाख 25 हजार रुपए आवास बनाने के लिए दिए जा रहे है एवं मनरेगा से मजदूरी की राशि दी जा रही हैं। सभी चयनित लाभार्थियों को आवास योजना की राशि मिलते ही अपना घर बना लेना है। उन्होंने ग्रामीणों को बिचौलियों से सावधान करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति आवास दिलाने के नाम पर रुपए की मांग करें तो तुरंत इसकी जानकारी उन्हें दें। बिचौलिए को किसी भी कीमत पर एक भी रुपए नहीं दें। छुटे हुए सभी 57 लाभुकों को 31-03-23 तक आवास पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही वृद्धा पेंशन योजना केछुटे हुए लाभुकों को भी चिन्हित कर पेंसन फॉर्म भरने को कहा गया। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी नामकुम, प्रखंड ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि अब समाज का कोई भी व्यक्ति जो 60 वर्ष या इससे अधिक उम्र का वृद्ध हो तथा अन्य पेन्शन धारक नहीं हो, समाज की कोई भी परित्यक्त महिला/विधवा/निराश्रित हो, दिव्यांग, आदिम जनजाति का हो, एचआईवी पीड़ित हो, उसे राज्य सरकार पेंशन दे रही है। महीने के पहले सप्ताह में ही पेंशन का भुगतान लाभुक के खाते में किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों के अनुसार सभी देशों ने 2030 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है, लेकिन भारत सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के तहत सामुदायिक जुड़ाव पर विशेष जोर दे रही है साथ ही नैदानिक सहायता के लिए रोगियों को ह्वनिक्षय मित्रह्व पहल के तहत गोद लेने के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। इसी कड़ी में आज वाईबीएन विश्वविद्यालय के द्वारा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एव भारत सरकार के उन्नत भारत अभियान के तहत लाली पंचायत में टीबी मरीजों के बीच राशन वितरण फूड बास्केट के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। विश्वविद्यालय के द्वारा अगले 6 महीनों तक हर महीना लगातार फूड बास्केट उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर वाईबीएन यूनिवर्सिटी रांची के प्रो चांसलर रामजी यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड ज्ञान शंकर जायसवाल, महिला प्रसार पदाधिकारी श्रीमती रेनू कुमारी ,मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य, सभी वार्ड सदस्य एवं उन्नत भारत कोऑर्डिनेटर डॉ मिस्फिका हसन, डॉ सुष्मिता महापात्रा, एनएसएस को ऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अर्पणा शर्मा, एनएसएस मेंबर्स सुमन कुमारी , प्रिय एवं शिवानी मौजूद थे।

## रामजड़ी में आयोजित अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए झापा नेता संदेश एक्का

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा के रामजड़ी में हरिकीर्तन यज्ञ समिति राम जड़ी बस्ती की ओर से आयोजित 24 घंटे का हरि कीर्तन पूणार्हुति और भंडारे के मौके पर झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने माथा टेकते हुए क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की जिसके बाद आयोजित अखंड हरिकीर्तन में उन्होंने कीर्तन करते हुए भक्ति में लीन दिखे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में सामाजिक समरसता और धर्म के प्रति लोगों में रुझान बढ़ता है और आजकल की नई पीढ़ी जो अपने धर्म संस्कृति को भूल रहे हैं वह इससे जुड़कर अपने सभ्यता संस्कृति के प्रति सजग होकर आगे आकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। हमें इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान बीच-बीच में करनी चाहिए जिससे कि धर्म का प्रचार क्षेत्र में होता रहे। इस मौके पर उनके साथ कई अन्य लोग भी शामिल हुए जिन्होंने कीर्तन में शामिल हुआ जिसके बाद वहां पर कीर्तन की समाप्ति के मौके पर भजन-कीर्तन के साथ भंडारा एवं हवन पूजन हुई और लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान कई लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मित्रता में कभी मतलब का भाव न हो : नीरज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हुटुप गौशाला में गौ माता को समर्पित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को हो गया। श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम मनमहोक झांकी और मधुस भजनों की गंगा में भक्तजन गोते लगाते रहे। वृंदावन से आये पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण सुदामा के मित्रता की चर्चा करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता एक मिसाल है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि जहां मित्रवत संबंध, व्यवहार होता है, वहां मेरा वास होता है। मित्र एक ऐसा संबंध है कि जो बात एक पति अपनी पत्नी से या पत्नी अपने पति से बोल नहीं सकती, लेकिन वो बात अपने मित्र को बताता है। मित्रता में कभी मतलब का भाव नहीं होना चाहिए। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जीवन में कभी भी किसी चीज का अभिमान नहीं करना चाहिए। कई ऐसे उदाहरण है, जहां भगवान ने बड़े बड़े विद्वानों, शुरवीरों, महाबली आदि का अभिमान अपनी लीलाओ से तोड़ा है। इसलिए अपने धन, ज्ञान, वैभव आदि का अभिमान नहीं करें। जो भी आपको मिलता है, वो भगवान की कृपा से प्राप्त होता है। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धरती पर जन्म लेकर कई लीलाएं कर लोगों का उद्धारा किया है। उनकी लीलाओं का समझना बहुत ही मुश्किल है। जो इनको समझ गया, समझो उनका जीवन धन्य हो गया। पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री ने गृहस्थ जीवन पर चर्चा करते हुए भगवान श्रीकृष्ण और उनकी पत्नियों पर कई प्रसंग सुनाये।

# चान्हो-मांडर प्रेस क्लब का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो-मांडर**

चान्हो -मांडर के पत्रकारों की बैठक कल्याण ढाबा परिसर बिजुपाड़ा में रखी गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार डॉ संजय प्रसाद के द्वारा किया गया। इस बैठक में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने इस संगठन का नाम सर्वसम्मति से चान्हो-मांडर प्रेस क्लब रखा गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष - डॉ संजय प्रसाद, उपाध्यक्ष- रहमतुल्लाह अंसारी व तबरेज आलम,सचिव- अल्ताफ अहमद अंसारी, उपसचिव - शमीम अंसारी व साबिर अंसारी, कोषाध्यक्ष- विवेक सोनी, उप कोषाध्यक्ष- शमीम अंसारी, संगठन मंत्री- अमीन अंसारी, प्रेस प्रवक्ता - आसिफ रजा एवं कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कुमार संदीप मिश्रा मोहसिन खान आशीषनन्द तिवारी, ऐनुल अंसारी को बनाया गया। प्रेस क्लब के गठन के पश्चात अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ. संजय प्रसाद ने कहा कि काफी दिनों से इस दो प्रखंड में प्रेस क्लब की जरुरत पत्रकार समझ रहे थे।आज प्रेस क्लब के गठन से सभी पत्रकारों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। पत्रकारों में खुद को बेहतर साबित करने के लिए आपसी एकता व सहयोग का होना आवश्यक है।इस बैठक में चान्हो मांडर प्रखंड के पत्रकारों का आज एक मंच पर मिलन कल के गये मील का पत्थर साबित होगी।प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष रहमततुल्ला अंसारी ने कहा कि प्रिंट मीडिया हो या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार की हर जगह अहम भूमिका होती है।प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के रुप मे पत्रकारों की गरिमामयी छवि रही है हम सभी पत्रकारों इस गरिमा को कभी धूमिल नहीं होने देना है।संगठन में शक्ति तो होती ही है किन्तु संगठन में हमें एक दूसरे से बहुत कुछ सीखने का मौका भी मिलता है।नवनिर्वाचित सचिव अल्ताफ अहमद अंसारी ने कहा कि प्रेस क्लब के इस बैठक में जिस एकता का परिचय हमारे पत्रकार बंधुओ ने दिया है यह काफी सराहनीय है।भविष्य में भी इनका यह जज्बा बना रहे यही उम्मीद करता हूँ।प्रेस क्लब का गठन सभी पत्रकारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से किया गया है अर्थात सभी फूल रुपी पत्रकारों की एक माला बनाई गई है।मंच संचालन ऐनुल अंसारी तथा धन्यवाद ज्ञापन तबरेज खान ने किया।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 43 वर्ष 2022–23(2nd Call)

पत्रांक :– ............ / गुमला, दिनांक :– ..../...../2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 30.03.2023 से 02.04.2023 तक (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 03.04.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 03.04.2023 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सम्प्रेक्षण गृह गुमला के वार्ड रूम एवं स्मार्ट क्लास रूम का जीर्णोद्वार एवं मरम्मति कार्य प्रखण्ड गुमला । | गुमला | जिला समाज कल्याण | 1900000.00 | 38000.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |

निविदा की शर्तें :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा ।

2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्वृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।

3. जो निम्न है:– 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।

10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR 292988 Minor Irrigation(22-23)D



## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा

(भू-अर्जन शाखा) प्रपत्र VII

झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

**अधिघोषणा का प्रारूप**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1)के अधीन)

अधिघोषणा सं0– दिनांक–

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम –नवाटोली, थाना न0 –114, थाना / अंचल–कोलेबिरा, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – कोलेबिरा (SH-04) गंगुटोली जामटोली (SH-04) पर भाग–1 कि0मि0 0.00 से कि0मि0 10.36 एंव भाग –2 22.00 से 38.95 कुल लम्बाई 28.31 कि0मि0 तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोशित किया जाता है कि ग्राम –नवाटोली, थाना न0 –114, थाना/अंचल–कोलेबिरा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **1.4275** एकड़ यानि **0.5776** हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है–

| क्रम संख्या | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पु0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 112 | 1268 | रैयत | टांड़ तीन | 0.07 | सेकेटरी हाईस्कूल बरवाडीह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | 112 | 1256 | रैयत | टांड़ तीन | 0.05 | सेकेटरी हाईस्कूल बरवाडीह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 3 | 112 | 1257 | रैयत | टांड़ तीन | 0.03 | सेकेटरी हाईस्कूल बरवाडीह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 4 | 4 | 1267 | रैयत | टांड़ तीन | 0.05 | सेकेटरी हाईस्कूल बरवाडीह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 5 | 4 | 1259 | रैयत | दोन दो | 0.04 | लखन सिंह पिता– रघुनन्दन सिंह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 6 | 4 | 1259 | रैयत | दोन दो | 0.01 | शीला देवी पति–श्री गौतम महतो | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 7 | 59 | 1258 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.02 | मगरीता केरकेट्टा पति–विलियम केरकेट्टा | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 8 | 59 | 1258 | रैयत | परती | 0.02 | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 9 | 59 | 1217 | रैयत | टांड़ दो | 0.0075 | जगरनाथ प्रसाद साहु पिता–श्री नागेश्वर साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 10 | 59 | 1217 | रैयत | टांड़ दो | 0.01 | दिलीप कुमार पिता– जगदीश साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 11 | 59 | 1217 | रैयत | टांड़ तीन | 0.0075 | रंजीत कुमार पिता–इन्द्रेस प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 12 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.02 | मुकुल सिंह वगै0 पि0 बुधवा सिंह वगै0 | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 13 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.03 | मुकुल सिंह वगै0 पि0 बुधवा सिंह वगै0 | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 14 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.0125 | मोतीलाल साव पिता–विशुन साव | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 15 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.005 | अनुप कुमार पिता–मदन मोहन प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 16 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.02 | दुर्गेश प्रसाद पिता–स्व0 जगदीश प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 17 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.005 | सिलास लुगुन पिता निर्मल लुगुन | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 18 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.005 | सैहुन बागे पिता स्व0 जीवन मसीह बागे | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 19 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.01 | बलराम प्रसाद पिता–बैजनाथ साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 20 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.01 | विकास प्रसाद पिता– शिवलाल प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 21 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.0275 | चन्दन कुमार पिता–स्व0 दीपक कुमार साह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 22 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.01 | हेमन्त प्रसाद पिता–स्व0 अम्बिका प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 23 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.04 | भलेरिया कन्डुलना पति–विजय कुमार कन्डुलना | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 24 | 59 | 1260 | रैयत | टांड़ दो | 0.0075 | रामलोचन साहु पिता–स्व0 महादेव साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 25 | 25 | 1261 | रैयत | टांड़ दो | 0.03 | कुलदीप नारायन साहु पिता–गौरी चरन साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 26 | 25 | 1261 | रैयत | टांड़ दो | 0.035 | दिनेश प्रसाद साहु पिता–जगदीश साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 27 | 25 | 1261 | रैयत | टांड़ दो | 0.025 | उपेन्द्र प्रसाद पिता–स्व0 सिद्धेश्वर लाल दास | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 28 | 59 | 1080 | रैयत | टांड़ दो | 0.10 | दीपक प्रसाद वगै0 पिता–रामचन्द्र प्रसाद वो विद्याचंद प्रसाद पिता–स्व0 राजकुमार साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 29 | 25 | 1058 | रैयत | टांड़ दो | 0.035 | दिलीप कुमार पिता–स्व जगदीश प्रसाद साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 30 | 25 | 1058 | रैयत | टांड़ दो | 0.02 | दीपक प्रसाद वगै0 पिता–रामचन्द्र प्रसाद वो विद्याचंद प्रसाद पिता–स्व0 राजकुमार साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 31 | 25 | 1058 | रैयत | टांड़ दो | 0.02 | सीमा देवी पति–जगरनाथ साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 32 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.04 | जितेन्द्र तिवारी पिता–स्व0 नर्वदेश्वर तिवारी | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 33 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.0025 | प्रवीण साहु पिता भोला साहु | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 34 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.015 | सुनीता देवी पति– सुरेश पन्डा | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 35 | 59 | 1216 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.02 | श्रीमती–विदन कन्डुलना पति– श्री जोन कन्डुलना | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 36 | 18 | 1060 | रैयत | परती जदीद टांड़ दो | 0.045 | मधु कुमारी पिता– स्व0 फुलचन्द सिंह | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 37 | 46 | 1070 | रैयत | टांड़ दो | 0.13 | चैतन भोगता पिता– लोहरा भोगता वो नन्हे सिंह वो लालजी सिंह पेशरान दोहरा भोगता | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 38 | 117 | 1063 | रैयत | टांड़ दो | 0.045 | सिलबानुस सोरेंग वगै0 पिता–इलियाजर सोरेंग | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 39 | 117 | 1064 | रैयत | टांड़ दो | 0.07 | सिलबानुस सोरेंग वगै0 पिता–इलियाजर सोरेंग | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 40 | 117 | 1066 | रैयत | टांड़ तीन | 0.03 | सिलबानुस सोरेंग वगै0 पिता–इलियाजर सोरेंग | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 41 | 46 | 1069 | रैयत | टांड़ तीन | 0.02 | चैतन भोगता पिता– लोहरा भोगता वो नन्हे सिंह वो लालजी सिंह पेशरान दोहरा भोगता | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 42 | 104 | 987 | रैयत | टांड़ दो | 0.02 | सीमा देवी पति जगरनाथ साहू | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 43 | 104 | 987 | रैयत | टांड़ दो | 0.0425 | दिलीप कुमार पिता स्व0 जगदीश प्रसाद साहू | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 44 | 104 | 996 | रैयत | टांड़ तीन | 0.03 | सुधा देवी पति–चन्दशेखर प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 45 | 104 | 995 | रैयत | परती जदीद टांड़ तीन | 0.025 | विनोद कुमार सिंह पिता–स्व जयश्री प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 46 | 104 | 996 | रैयत | टांड़ तीन | 0.06 | विनोद कुमार सिंह पिता–स्व जयश्री प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 47 | 4 | 1259 | रैयत | टांड़ तीन | 0.02 | अंजलुस बिलुंग पिता–स्व0 जकरियस बिलुंग | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 48 | 104 | 987 | रैयत | परती | 0.03 | हिरालाल प्रसाद पिता श्याम बिहारी प्रसाद | – | – | – | – | – | – | – | – |
| कुल | | | | | 1.4275 | | | | | | | | | |

यह अधिघोशणा हितबद्ध व्यक्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारो की संख्या शुन्य है।

कानूनगो, भू–अर्जन सिमडेगा। | भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा। | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा। | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 292864 Land Reforms (22-23)_D

## सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी चालू पर

# लोगों को अभी भी सुविधा का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक स्थित सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी को तो चालू कर दिया गया है। लेकिन सुपरस्पेशियलिटी सुविधाओं के लिए आज भी लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं नया ब्लाक हैंडओवर लेने के बाद भी उसे चालू नहीं किया जा सका है। जिससे कि मरीजों को बेहतर सुविधाओं के लिए और इंतजार करना होगा। 2007 में नए भवन के निर्माण का काम शुरू हुआ था। इसके बाद से काम करते हुए ठेकेदार ने 2014 में बिल्डिंग का ढांचा तो खड़ा कर दिया। लेकिन सरकार इसे चालू नहीं करा पाई। इस दौरान कई बार देश के बड़े हॉस्पिटलों को पीपीपी मोड़ पर चलाने का आमंत्रण दिया गया। किसी भी हॉस्पिटल ने संचालन में इंटरेस्ट नहीं दिखाया। 2007 में सरकार ने 200 बेड की शुरूआत की। वहीं 15 साल बाद पूरा भवन बनकर तैयार हो गया। हॉस्पिटल में न्यू बिल्डिंग हैंडओवर के बाद इमरजेंसी से लेकर सभी लैब और ओपीडी को नए ब्लाक में शिफ्ट किया जाना था। लेकिन आजतक ये पहले वाली जगह पर चल रहे है।



वहीं मॉड्योलर आपरेशन थिएटर में हाइटेक सुविधाओं के बीच सर्जरी करने की योजना थी। लेकिन वह भी जस की तस है। एक ही ओटी में सभी मरीजों के आपरेशन किए जा रहे है। सोलर प्लांट भी चालू नहीं हो सका है। मॉड्यूलर किचन भी बस नाम का है। इतना ही नहीं सेंट्रल स्टरलाइजेशन सिस्टम भी आईवॉश बनकर रह गया है।

## रांची में 1056 राशन कार्डधारी जिला प्रशासन की रडार पर

**रांची।** सरकार के आदेशों के बावजूद कई ऐसे संपन्न परिवार जिन्होंने अब तक अपना राशनकार्ड सरेंडर नहीं किया है। लगातार गरीबों का हक मार रहे हैं। काफी दबाव के बाद पूरे राज्य भर में लाखों ऐसे परिवारों ने राशनकार्ड सरेंडर किया जो संपन्न थे। इनमें कई नौकरीपेशा, व्यापारी और घर से संपन्न लोग थे। इसके बाद भी रांची जिले में कई ऐसे परिवार हैं जिन्होंने सरकार के तमाम आदेशों को धत्ता बताते हुए धड़ल्ले से राशन कार्ड का उपयोग कर गरीबों का अनाज उठा रहे हैं। इतना ही नहीं, हद तो तब हो गयी जब पाया गया कि एक ही नाम का राशनकार्ड दूसरे जिलों में भी है। जिला प्रशासन ने ऐसे 1056 राशनकार्ड को चिन्हित किया है जिनका रांची के अलावा दूसरे जिलों में भी राशन कार्ड बनवा रखा है और धड़ल्ले से राशन का उठाव कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिला आपूर्ति कार्यालय रांची ने पूरी सूची नाम के साथ तैयार कर लिया है।

# स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय की जानकारी रखना जरूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** पब्लिक स्कूल पुंदाग में सीबीएसई सीओई पटना के तत्वावधान में स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर एक दिवसीय शिक्षण संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीबीएसई की संसाधिका सह विद्यालय की शिक्षिका इंदु प्रसाद ने क्रियाकलाप आधारित प्रस्तुति दी, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रियतापूर्वक भाग लिया। पांच घंटे के कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं कल्याण के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की गई। साथ ही अभिनय, प्रश्नोत्तरी, केस स्टडी आदि अनेक रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनकी मदद से विषय को सुग्रा बनाया जा सका। निश्चय ही यह कार्यक्रम अध्यापक समुदाय के लिए लाभप्रद रहा, जिनकी मदद से विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं कल्याण विषयों की जानकारी रखना हर छात्रों का कर्तव्य है। समापन सत्र में प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सी।बी।एस।ई, सी। ओ।ई।पटना के आभारी हैं कि उनकी ओर से हमें यह सुअवसर प्रदान किया गया। इस प्रकार से सत्रों का नियमित आयोजन सभी शिक्षकों की क्षमता संवर्धन के लिए अत्यंत लाभप्रद हैं। उन्होंने कार्यशाला के सफल संचालन के लिए संसाधिका तथा सभी शिक्षक झ्र शिक्षिकाओं का धन्यवादज्ञापन किया।शांति पाठ के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

## राजीव एक्का को ईडी का फिर समन, अब 27 मार्च को बुलाया

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का को ईडी ने दोबारा समन भेजकर 27 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले आईएएस एक्का को ईडी ने समन भेजकर 15 मार्च को बुलाया था। एक्का ने ईडी को पत्र भेजकर विधानसभा सत्र का हवाला देते हुए 24 मार्च के बाद बुलाने का आग्रह किया था। जांच एजेंसी एक्का से यह जानने की कोशिश कर सकती है कि विशाल चौधरी से उनका क्या संबंध है। क्या दोनों के बीच पैसों का लेनदेन भी हुआ है। पिछले साल 24 मई को ईडी ने विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान चौधरी ने अपना मोबाइल फोन कचरे में फेंक दिया था। एक्का झारखंड के तीसरे आईएएस अधिकारी हैं, जिनसे ईडी पूछताछ करेगी। इससे पहले पूजा सिंघल और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से ईडी पूछताछ कर चुकी है। एक्का सीएम के प्रधान सचिव रहे हैं।

## उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक सरहुल पर्व को लेकर किया निरीक्षण

# सरना स्थल सुविधायुक्त हो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरहुल पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल ने शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण कर बैठक की। इस दौरान आरक्षी अधीक्षक नगर एस जैन, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था), रांची आर एन आलोक, उप समहर्त्ता जिला नजारत, रांची एवं अन्य संबंधित पुलिस/ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल द्वारा सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण किया गया। डीसी ने कहा कि सरना पर पूरी सुविधा होनी चाहिए वह सुविधायुक्त हो। यहां आला अधिकारियों द्वारा सरना समितियों से बेहतर व्यवस्था हेतु बातचीत भी की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि समिति द्वारा सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था को लेकर समतियों द्वारा राय दी गयी। उन्होंने कहा कि इस आलोक में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सरना स्थलों पर मुकम्मल सुविधा के लिए खाका तैयार कर लिया गया है, सभी सरना स्थल पर व्यवस्था अव्वल दर्जे की बनानी है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों एवं सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। उपायुक्त राहुल कमार सिन्हा ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा।

### सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

**रांची।** बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल ने कहा कि सरहुल पर्व के मद्देनजर जितने भी सरना समितियां हैं, उनके साथ बैठक की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पायें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा और इस संदर्भ में पूर्व में ही मीडिया में सूचना दी जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण न हो इसे लेकर लगातार आग्रह किया गया है। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई है एवं प्रशासन द्वारा उनसे अंडरटेकिंग भी ली गई है कि लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन अवश्य किया जाए। कोई भी कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में बोकारो के मजदूर की हैदराबाद में मौत

**रांची।** पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगो रंगामाटी निवासी हरिशचंद महतो (27) की हैदराबाद में सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। हरिशचंद महतो में त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत था।वह शुक्रवार शाम को खाना बनाने वाले गैस सिलेंडर भरवाने के लिए वह बाजार जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।मृतक अपने पीछे पत्नी,पुत्र हिमांसू कुमार(05) और पुत्री नमीता कुमारी(03) को छोड़ गया। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

# सुरक्षित पलायन एवं मानव तस्करी पर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बहुद्देशीय समुदायिक केंद्र तूतटोली एरेंडा खूंटी में शनिवार को सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय खूंटी और जतन नेटवर्क ने सुरक्षित पलायन एवं मानव तस्करी के मुद्दे पर एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन महिला थाना प्रभारी खूंटी दुलारी टूडू एवं एलएडीसी अमरदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के सचिव राजेन कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विषय वस्तु प्रस्तुत किया। उन्होंने मानव तस्करी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खूंटी जिले में मानव तस्करी एक ज्वलंत मुद्दा है। अमरदीप कुमार ने मानव



तस्करी में लिप्त तस्करों के विरुद्ध होनेवाली कानूनी कार्रवाई तथा पीड़ितों को मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला थाना प्रभारी दुलारी टूडू ने एफआइआर कैसे की जाती है, इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़िता को थाना में आकर सूचना देनी होती है। सूचना मिलने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास किसी भी अनजान व्यक्ति को देखें और लगे कि वह तस्कर हो सकता है, तो तुरंत इसकी सूचना नजदीकी थाना को दें। उन्होंने किशोरियों को अधिक से अधिक जागरूक बनाने पर बल दिया। श्रम विभाग के पीएलवी चंदन कुमार ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# पापमोचनी एकादशी के अवसर पर भक्तों ने खाटू नरेश के दरबार में माथा टेका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विक्रम संवत 2079 की अंतिम पापमोचनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रातः से ही भक्तजनों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तजनों ने खाटू नरेश के दरबार में मत्था टेक अपनी मुरादे प्रस्तुत की। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया ने बताया कि एकादशी के अवसर पर आज दो बार खाटू नरेश का फूलों का श्रृंगार किया गया। दोपहर बाद दरबार के पट बंद करके नवीन वस्त्र पहनाकर खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं का विशेष शृंगार किया गया। गुलाब रूह से श्याम बाबा का मसाज कर पंचमेवा का भोग लगाया गया। कमल अनीता अंश व ईवा विश्नोई ने विशेष श्रृंगार वस्त्र व पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा और मंदिर के आचार्यों ने मिलकर खाटू नरेश का दिव्य मनोहारी श्रृंगार किया। एकादशी का मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे प्रारंभ हुआ । कमल अनीता विश्नोई ने खाटू नरेश की अखंड पावन



ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेडा पंचमेवा संतराफल नारियल दूध रबड़ी का भोग निवेदित किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के सानिध्य में भजन संकीर्तन प्रारंभ हुआ। श्रवण ढानढनिया सलज अग्रवाल मनोहर केडिया अनुज मोदी साकेत ढानढनिया गौरव अग्रवाल तनय काठपाल किशन शर्मा पवन शर्मा ने एक से बढ़कर एक भजनों का गायन किया । पूरा मंदिर परिसर खाटू नरेश की जय जयकारों से गूंज रहा था। इस अवसर पर अनिल नारनोली संजय सराफ रौनक पौदार रोशन खेमका विशाल पोद्दार आदि का सराहनीय सहयोग रहा। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 54 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में मंदिर में इडली नारियल चटनी का प्रसाद बनाया गया था। यजमान श्री वेद भूषण जैन पप्पू रंजना खुशी ने खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवता व गुरुजनों को भोग निवेदित किया। इसके बाद मंदिर के आचार्य को भंडारा का प्रसाद खिला कर आशीर्वाद प्राप्त किया । पूरे मंदिर परिसर भक्तजनों से लंबी लंबी कतारें लगी हुई थी । खाटू नरेश की जयकारों के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर आत्माराम मोदी के द्वारा 21 किलो हलवा का प्रसाद चढ़ाया गया। लगभग 3,000 भक्तों ने श्री श्याम भंडारा का प्रसाद प्राप्त किया । मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया पूर्व सांसद अजय मारू अनिल नारनोली अनुज मोदी स्नेह पोद्दार राजेश चौधरी अमित सराओगी श्यामसुंदर जोशी सहित 50 से ज्यादा कार्यकताओं ने भंडारा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 मार्च से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2023 के अवसर पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 से शुरू हो रहा है। जो 22 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन पलाश सभागार स्थल वन भवन, डोरंडा में होगा। इस आयोजन में प्रकृति/वनों पर आधारित रोजगार के लिए लघु वन पदार्थ से बने सामान के स्टॉल लगाया जायेगा। वही, शहद, लाह के बने सामान, तस्सर के बने सामान, महुआ से बने सामान, चिरौंजी, औषधीय पौधे का प्रदर्श एवं बिक्री होगी। ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प में कला के माध्यम से वनों के संरक्षण के प्रचार-प्रसार के लिए किया जाएगा। इसमें झारखण्ड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश के कलाकारों की भागीदारी होगी। 21 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वनों के सत्वर्धन पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर 40 वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विश्व जल दिवस के अवसर पर वनों में जल संचयन तथा वनों की सुरक्षा करने वाले 25 वन सुरक्षा समिति के सदस्यों को सम्मान किया जाएगा। ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प का समापन तथा सीनियर कलाकार को सम्मानित किया जाएगा।

## श्री महावीर मंडल लालपुर की नयी कमेटी का हुआ गठन

**रांची।** श्री महावीर मंडल लालपुर की एक बैठक हुई। 18 मार्च को हुई इस बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर 2023-24 के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से बजरंग वर्मा को अध्यक्ष और अभय कुमार सिंह मुख्य संरक्षक बनाए गए हैं। जबकि संरक्षक मंडली में सूर्यभान सिंह, सुप्रियो भट्टाचार्य ,बसंत दास,रमेश सिंह, दिनेश साहू,अजय राय,आदित्य विक्रम जयसवाल, प्रशांत राजा, सुनील साहू ,उमेश रंजन साहू ,डॉ विजय राज, राम शर्मा का मनोनयन किया गया। कमेटी में दिनेश सिन्हा, जयंत कार, रणधीर सिंह, अमरीश खन्ना मनोज गुप्ता, संजय वर्मा, सम्राट राय, बबलू जायसवाल, केके सिंहा, विजय चौधरी, हरीश मंदानी के अलावा कार्यकारिणी के 21 सदस्यों को शामिल किया गया है।

**समीक्षा**

## आईसीएआर रिव्यु टीम ने तीसी फसल शोध की समीक्षा की

# रोगरोधी किस्मों को विकसित करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईसीएआर, नई दिल्ली द्वारा गठित आईसीएआर रिव्यु कमिटी के डॉ नंदन मेहता, प्रधान वैज्ञानिक, आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन ने बीएयू अधीन निदेशालय अनुसंधान द्वारा संचालित आईसीएआर-अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान तीसी फसल परियोजना के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना अधीन बीएयू के शोध प्रक्षेत्र के करीब 3 हेक्टेयर भूमि में लगे तीसी फसल के आनुवांशिकी एवं पौधा प्रजनन, शस्य विज्ञान एवं पौधा रोग के 17 प्रायोगिक प्रक्षेत्रों, स्टेशन ट्रायल, ब्रीडिंग ट्रायल, कोऑर्डिनेटेड ट्रायल, देश-विदेश के तीसी जर्मप्लाज्म संरक्षण एवं बीज उत्पादन प्रायोगिक प्रक्षेत्रों का अवलोकन किया और रांची केंद्र के कार्यों की सराहना की। अनुसंधान प्रक्षेत्रों के भ्रमण के दौरान परियोजना से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. एनपी यादव एवं डॉ परवेज आलम, शोधार्थी नलय भगत एवं जयंत कुमार, देवेन्द्र सिंह और



बिशु उराँव भी मौजूद थे। रिव्यु कमिटी के अध्यक्ष डॉ. नंदन मेहता ने बीएयू के निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह से मुलाकात कर रांची केंद्र के शोध कार्यक्रमों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि रांची केंद्र के द्वारा स्थानीय उपयुक्त तीसी की चार उन्नत किस्में दिव्या, प्रियम, बिरसा तीसी -1 एवं बिरसा तीसी- 2 विकसित की गयी है। इन चारों उन्नत किस्मों के प्रजनक बीज का बीएयू के फार्म में बीजोत्पादन करें। इन किस्मों को कृषि विभाग के सहयोग से स्टेट सीड चैन की मुख्य धारा में लाने तथा प्रदेश के किसानों को बीज उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में प्रयास किया जाय। डॉ. मेहता ने तीसी जर्मप्लाज्म संरक्षण के बारे में कहा कि तीसी फसल प्रायोगिक प्रक्षेत्र में

**रांची केंद्र के द्वारा स्थानीय उपयुक्त तीसी की चार उन्नत किस्में दिव्या, प्रियम, बिरसा तीसी -1 एवं बिरसा तीसी- 2 विकसित की गयी है।**

विल्ट, रस्ट, अल्टरनेरिया ब्लाइट आदि रोग का प्रकोप देखने को मिला। इनमें से जल्द पकने वाली और रोग रोधी तीसी जर्मप्लाज्म को चिन्हित करते हुए वर्षाश्रित खेती उपयुक्त उन्नत किस्मों को विकसित की जा सकती है।

निदेशक अनुसंधान डॉ.पीके सिंह ने कहा कि रांची केंद्र की तीसी फसल परियोजना का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रहा है। इस परियोजना के शोध कार्यक्रमों में निरंतरता एवं स्थानीय उपयुक्त किस्मों के विकास को बढ़ावा देने के सभी संभव प्रयास किये जायेंगे।

## पेंशन मामले की हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ. एसएन पाठक की कोर्ट में शनिवार को राज्य ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन के सेवानिवृत कर्मियों के पेंशन भुगतान से संबंधित अवमानना मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित राज्य सरकार द्वारा दाखिल एसएलपी को खारिज कर दिया है। साथ ही सरकार को छूट दी है कि वह चार महीने में आदेश का अनुपालन करें और हाई कोर्ट को सूचित करे। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चार माह में आदेश का अनुपालन करने को लेकर आदेश दिया है। इसलिए मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट खंडपीठ में अपील दाखिल किया, जिसमें कोर्ट ने सरकार की अपील को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है।

# नौ के खिलाफ नामजद और 200 पर मुकदमा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिले में गत 14 मार्च को रामनवमी के पहले मंगलवारी जुलूस के दौरान हुए उपद्रव के मामले में जिला प्रशासन ने नौ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात लोगों पर सदर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। लोगों ने ये जुलूस सरकार के उस आदेश के खिलाफ निकाला था, जिसमें रामनवमी के अवसर पर रिकॉर्डेड संगीत बजाने और लाठी सहित पारंपरिक हथियार ले जाने पर रोक लगाई गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार जानबूझ कर हिंदू त्योहारों में इस तरह की बाधा डालती है। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशिभूषण केसरी पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने प्रशासन और सरकार पर रामनवमी को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल खड़ा किया है कि किसी भी जुलूस-पर्व में धारा-144 लगाने का औचित्य क्या है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रशासनिक आदेश का उल्लंघन करते हुए आंदोलनकारियों ने जुलूस के दौरान रिकॉर्डेड संगीत बजाया और 30 मार्च से शुरू होकर एक अप्रैल को समाप्त होने वाले रामनवमी जुलूस के दौरान भी अशांति पैदा करने की धमकी दी है। एसपी मनोज रतन चोथे ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज करने का फैसला किया है। त्योहार के दौरान गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

**रामनवमी के अवसर पर रिकॉर्डेड संगीत बजाने और लाठी सहित पारंपरिक हथियार ले जाने पर रोक लगाई गई है**

NEWS इन ब्रीफ

## राशन देने से कतराता है गांव का डीलर



**जलडेगा।** तस्वीर में दिख रहे ये दोनों वृद्ध दंपति का नाम मनसुख कंडूलना और सुबानी कंडुलना है, जो कुलाओड़ा से लगभग 5 किलोमीटर पैदल चलकर हरेक माह राशन लेने के लिए इंद्रा एसएचजी (डीलर) कूटिंगीया के पास जाते हैं। इनके लिए सोचने वाला कोई नहीं है। बात चीत के दौरान वृद्ध दंपति ने बताया कि उनका एक पोता है, लेकिन डीलर उसके जाने से राशन नहीं देता है, डीलर का कहना है जिसका कार्ड है वोही लोग को भेजो... और इसी लिए दोनों एक दूसरे का सहारा बनकर थके हारे किसी तरह प्रत्येक माह राशन लाने जाते हैं। जबकि ऐसे वृद्ध और असहाय लोगों के पास डीलर को राशन पहुंचाना चाहिए।

## विधायक ने जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने की रखी मांग

**सिमडेगा।** विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने जिला मुख्यालय से मुंजबेड़ा तक जर्जर सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि जिला मुख्यालय से सामटोली होते हुए मुंजबेड़ा पथ की हालत अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। इस सड़क में जगह जगह बोल्डर निकल आया है। इससे वाहन चलाना तो दूर आम जनता को पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो रहा है। सड़क खराब होने के कारण कई बार लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। वही कई लोगों की बाइक, साइकल भी खराब हो चुकी है। सड़क जर्जर होने के कारण सड़क दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। विधायक ने जनहित को देखते हुए सामटोली से मुंजबेड़ा तक के जर्जर पथ का जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है।

## स्कूलों में व्याप्त समस्याओं का समाधान करे सरकार

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अल्पसंख्यक विद्यालयों में ब्याप्त समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। सत्र के माध्यम से विधायक ने कहा है कि जिले के सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में वर्ष 2016-17 से पोषक वितरण विद्यालय विकास मद की राशि शिक्षण सामग्री की राशि एवं वर्ष 2023 से छात्रबृत्ति का भुगतान अथवा वितरण बंद कर दिया गया है। जिस कारण इन स्कूलों के शिक्षकों एवं छात्राओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने अल्पसंख्यक स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पूर्व की भांति पोषक वितरण छात्रवृत्ति का भुगतान विद्यालय विकास मद की राशि सहित शिक्षण सामग्री की राशि का भी भुगतान कराने की मांग की है।

# वज्रपात से सेन्हा की महिला की गोपालगंज में हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो निवासी तुलसी महली के 25 वर्षीय पत्नी पुनिया देवी की मौत बज्रपात के चपेट में आने से बिहार राज्य के गोपालगंज जिला अंतर्गत मकसूदपुर थाना क्षेत्र के महुवा एमके ईंट भट्ठा में कार्य करने के दौरान 17 मार्च को हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय प्रशासन नियम संगत कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौपा दिया। बताया जाता है कि नवम्बर माह में बिहार राज्य के गोपालगंज जिला स्थित महुवा एमके ईंट भट्ठा में अपने परिवार के साथ काम करने गई थी। वही आर्थिक स्थिति काफी दैनीय बताया जा रहा है। गांव में शनिवार सुबह शव पहुंचते ही परिवार व गांव में मातम छा गया। शव के पहुंचने की सूचना पर पंचायत की मुखिया शोभा देवी मृतक के घर पहुंच शोकाकुल परिवार को ढांढस दिलाते हुए शव पहुंचने की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को दिया। इसके अलावा परिजन एवं ग्रामीण ने अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गये। घटना को लेकर मुखिया शोभा देवी ने बताया कि मृतक महिला अपने परिवार के साथ ईंट भट्ठा में काम करने गई थी। और आर्थिक स्थिति काफी दौनीय है। मृतक महिला अपने पीछे दो बच्चों को पति के सहारे छोड़ गई है। परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण परिवार के बीच समस्या बना हुआ है। वहीं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने कहा बज्रपात से अंचल क्षेत्र के सीठीयो ग्राम की महिला का मौत बिहार राज्य के गोपालगंज जिला में होने की सूचना प्राप्त हुआ है। जिसपर नियम संगत पहल करते हुए मुआवजा दिलाया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा /लोहरदगा**
भंडरा से सेमरा जाने वाली मुख्य सड़क में धानामुन्जी मोड़ स्थित विगत देर शाम एक अज्ञात ट्रैक्टर और अपाची बाइक की टक्कर में धानामुन्जी निवासी स्व चैतू लोहरा के 25 वर्षीय पुत्र छोटू लोहरा की मौके पर ही मौत हो गई। वही उसके साथी लखन उराँव घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा थाना को सूचना दिया मौके पर भंडरा पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक एवं उसका साथी गडरपो तेतरटोली से धानामुन्जी गांव लौट रहे थे। इसी दौरान एक न्यू हॉलेंड ट्रैक्टर ने धनामुन्जी मोड़ के पास मिट्टी गिरा रहा था उसी दौरान चालक ने ट्रैक्टर को स्पीड से बैक कर रहा था उसी दौरान ट्रैक्टर चालक ने पीछे से जबरजस्त तरीके से ठोक दिया जिससे बाइक चालक



छोटू लोहरा की मौत मौके पर ही हो गई और उसके साथी घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बलसोता गांव स्थित सोना ईटा भट्ठा में ट्रैक्टर को भाड़े पर भट्ठा मालिक ने चलाने के लिए लाया है और इस दौरान ट्रैक्टर धनामुन्जी गांव से ही मिट्टी ढो रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रैक्टर को घटनास्थल से भगा दिया गया। जानकारी मिलने के बाद भंडरा कारवाई जुट गई है।

## ग्राम स्वास्थ पोषण एवं स्वच्छता दिवस पर किया गया स्वाथ्य जांच

**कुरडेगा।** बाल बिकास परियोजना पदा० कृष्ण मुरारी तिर्की एवं महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी की उपस्थिति में कुरडेग प्रखण्ड के गताडीह आंगनबाड़ी केन्द्र में ग्राम स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता दिवस (श ल र ठ ऊ) के अवसर पर गर्भवती एवं धातृ महिलाओं, एवं बच्चो का स्वास्थ जांच किया गया। गर्भवती एवं धातृ महिलाओं का एएनसी जाँच जिसमें बी.पी. , हिमोग्लोबीन , वजन लम्बाई माप कर मौके पर ही टिटनेस का सुई दी गई एवं आयरन की गोली वितरित कर खाने के तरीके बताये गये। वहीं जांच के क्रम में 2 बच्चों का वजन कम पाया गया। जिन्हें सहिया के माध्यम से स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। वहीं 2 प्रथम गर्भवती माता का पंजीकरण करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना का आवेदन भरा गया ।इस दौरान बाल विकास परियोजना पदा० कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि इस कार्यक्रम के अर्न्तगत बच्चों को पोषाहार मिल रहा है।

## बीडीओ ने किया निरीक्षण

# गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य करें कनीय अभियंता



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा पंचायत के नौदी ग्राम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं कनीय अभियंता संजीत कुमार द्वारा लाखों की लागत से बन रहा आरसीसी पुलिया निर्माण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मजदूरों से बात किया और गांव में काम करने को कहा। उन्हनो कहा की एससीए योजनामद से योजना का पुलिया निर्माण किया जा रहा है प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों के कहने के अनुसार किसानो का खेती से उत्पादन को आसानी से घर लाया जा सकता है और अरु सीमा को पथ जोड़ता है। जिसे लोगों को लाभ मिलेगा। नौदी अम्बा गढ़ा नाला में पुलिया नहीं होने से काफी परेशानी होता था उन्होंने संवेदक रोहित साहू को कहा कि कार्य को समय सीमा के अंदर कार्य यथाशीघ्र बरसात से पहले पूर्ण करें। और सड़क का निर्माण कर जनता को दें।उन्होंने गांव में पीसीसी पथ का भी निरीक्षण किया साथ ही कहा कि विकास के कार्य में ग्रामीण सहयोग करें और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने में अहम भूमिका निभाई स्थानीय लोगों को योजना में काम दें और साथ में मजदुरी का भुक्तान करें। मौके पर बीडीआ अशोक कुमार चोपड़ा, कनीय अभियंता सजीत कुमार,मिथलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नववर्ष शुभकामना पत्र निर्माण में शशि और अल्फा प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में भारतीय नववर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय नव वर्ष शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय में शशि कच्छप ने प्रथम स्थान, रितेश मुंडा ने द्वितीय स्थान और बबली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला संकाय में अल्फा कुजूर, मधु श्वेता कुजुर और नेहा कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कियो सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट करके पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुषमा अभिषेक लकड़ा, अमित उरांव, रोशन उरांव, सुहानी टोप्पो, निशा उरांव, रोशनी कुमारी, अनीमा लकड़ा, सुजीत उरांव, प्रिया कुजुर, संदीप उरांव, अमित उरांव, प्रिया कुजुर, आदित्य उरांव, निशा कुजुर, कोमल कुमारी साहू, धर्मदेव उरांव, मंतोष उरांव, पूर्णिमा भगत, सोनी केरकेट्टा, रोशनी उरांव, पूनम कुमारी, अजीत उरांव आदि छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ` कार्यक्रम में कविता कुमारी, रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, ऋद्धि मिश्रा, नीतू कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# रामनवमी का भव्य जुलूस निकालने का हुआ निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
रामनवमी पूजा समिति की बैठक शिव मंदिर परिसर में किया गया।बैठक में रामनवमी का महापर्व पूरे धूमधाम,उत्साह और आस्था के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। रामनवमी के मौके पर पूर्व के वर्षों की भांति भव्य जुलूस गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वनाथ बड़ाइक ने की। जिसके पश्चात कार्यकाल पूर्ण होने के कारण पुरानी समिति को भंग करते हुए नई रामनवमी समिति का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक विकास साहू, विश्वनाथ बड़ाइक, आनंद चौरसिया, गोपाल सिंह को बनाया गया।वहीं बीते 6 वर्षों से पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल और नेतृत्व कौशल को देखते हुए सर्वसम्मति से पुनः विनोद कश्यप को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष धीरज गुप्ता सचिव प्रदीप सिंह, उपसचिव संजीव सिंह, कोषाध्यक्ष उदय सिंह, उपकोषाध्यक्ष अमित सोनी मीडिया प्रभारी शिवनंदन बड़ाइक को बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में दिनेश नायक, सूरज बड़ाइक, विकास सिंघल, मंटू सिंह, अंकित साहू, कृष्णा राम, राकेश पण्डा, हिमांशु कुमार, रितिक राम,दीपक महतो, राजन नायक, पंकज कश्यप, दीपक साहू, देवाशीष, सोनू शर्मा, संदीप राम, शुभम कुमार, अर्जुन साहू,अरविंद साहू, रतन साहू, मनोज साहू को बनाया गया है। रामनवमी पूजा समिति के अगली बैठक शिव मंदिर परिसर में 21 मार्च शाम 7:30 बजे की जायेगी।

# विस में गरजे कोलेबिरा विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** शनिवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के मूल भूत समस्याओं को विधानसभा के पटल पर रखते हुए जानकारी मांगी। विधायक ने सदन में बातों को रखते हुए सरकार से कहा कि सिमडेगा जिला में बिजली की घोर समस्याएं हैं ट्रान्सफर्मर बहुत सारे स्थानों पर खराब है,जिस कारण निर्बाध रूप से जिले वासियों को बिजली नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं को जले हुए ट्रांसफॉर्मर के बदले सही समय पर ट्रांसफार्मर नहीं मिल पा रहा है।साथ ही साथ सही ढंग से देख भाल करने वाला ही नही है।विधायक ने 100 यूनिट बिजली फ्री की बात भी उठाई। विधायक ने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश भागों में आज तक मीटर ही नहीं लगा है तो 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ ग्रामीण कैसे उठा पाएंगे।सबसे बड़ी बात कि सिमडेगा जिला के कोलेबिरा विधानसभा में बहुत सारे उपभोक्ताओं को फिक्सेशन के हिसाब से दो से तीन साल में एक बार बिल भेजा जाता है।मीटर नहीं लगने के कारण एक मुस्त फिक्सेशन के हिसाब से बिल भेजने से उपभोक्ता देने में असहज महसूस करते हैं, नतीजा बिजली काट दी जाती है और केस दर्ज करा दिया जाता है। विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत थाना परिसर में अवस्थित अंजान शाह पीर बाबा के मजार के लिए शुन्य काल में आवाज उठाते हुए कहा कि यह मजार आस्था का केंद्र है। यहां अन्य राज्यों सहित जिला के श्रद्धालुओं द्वारा सालों भर मन्नत के पूर्ण होने पर चादरपोशी की जाती है।साल में उर्स का भी आयोजन किया जाता है। इसलिए सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त मजार को पर्यटन के रूप में विकसित करते हुए श्रद्धालुओं के सुविधा और मजार का सौन्दर्यीकरण किया जाए।विधायक ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय सिमडेगा जिला में 124 सरकारी विद्यालय है जहां चापाकल खराब पड़ा हुआ है। नतीजा पीने का पानी, शौचालय में परेशानी आदि होती है,उसे दुरुस्त करवाया जाए।साथ ही साथ बहुत सारे भवन जर्जर हालत में है, बेंच डेस्क नहीं है। विद्यालय का घेराबंदी नहीं है।इसको ध्यान में रखते हुए सही किया जाए।

## एकल नारी सशक्ति संगठन के द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर एकल नारी सशक्ति संगठन के द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. बिनी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला माह की शुभकामनाएं दी और महिलाओं को अपने स्वस्थ पर ध्यान देने और संगठन की महत्ता पर चर्चा किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रभावती कुजूर, एलिस कोमोलिना डुँगडुँग, एभलेनजिस्ता कन्डुलना एवं उसुर्ला लकड़ा शामिल हुए।म्यूजिकल रेस में सलोनी खाखा, प्रभावती कूजूर, जसिंता डुँगडुँग, चम्मच-गोली रेस में दिव्या कुल्लु, अनिता डुँगडुँग,जोर्जिना कुल्लु, दौड़ में लीली ग्रेस लकड़ा, जोसफिन खाखा, राधिका कच्छुआ,गोटी चुनने के रेस में प्रीति गुड़िया,अमरमनी कुल्लु, जिरेन केरकेट्टा, बैलून फोड़ रेस में एलिस कोमोलिना डुँगडुँग, मेरी भैलेट बाः एवं उसुर्ला लकड़ा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीता।मुख्य अतिथि एकल नारी सशक्ति संगठन की डायरेक्टर डॉ. बिनि , विशिष्ठ अतिथि प्रीति गुड्या, कुमार दिलीप, एलिस कोमोलिना डुँगडुँग , राहिल कुल्लु आदि ने पुरस्कृत किया।मौके पर मंच संचालन अगुस्टीना सोरेंग ने दिया तथा धन्यवाद ज्ञापन मेरी भैलेट बाः के द्वारा किया गया।मौके पर विशेष रुप से राहिल कुल्लु, एवलेनजिस्ता कन्डुलना, सुनीता बाड़ा, बिरजिनिया मिंज, जीरेन कुल्लु, एवं अन्य उपस्थित रहे।

## समीक्षा जनजातीय कार्य मंत्रालय के मंत्री अर्जुन मुंडा का सिमडेगा दौरा

# विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शनिवार को केन्द्रीय मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार -सह- सांसद, खूँटी लोक सभा क्षेत्र अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजन हुआ। केन्द्रीय मंत्री के द्वारा दिशा की बैठक में विकासशील एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिया। केंद्रीय मंत्री का उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने बुके देकर स्वागत किया।बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, राष्ट्रीय उच्च पथ, पेयजल एवं स्वच्छता, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बी.एस.एन.एल, आई.टी.डी.ए., शिक्षा, कृषि, सहकारिता, ग्रामीण विकास विभाग कार्य प्रमण्डल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, जे.एस.एल.पी.एस., आपूर्ति, भू-अर्जन, भारत माला प्रोजेक्ट, विद्युत सहित जिला सम्बध विभागों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में जिले में कितने सड़क पूर्ण एवं अपूर्ण है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का निर्माण तथा गांव-टोला को जोड़ते हुये आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने है हेतु सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनप्रतिनिधि से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छूटे हुए गांव सूची उपलब्ध कराने की बात कही। प्रमुख द्वारा बताया गया कि केन्दुरमुण्डा टकबहार सड़क निर्माण होना था जो अब तक नहीं किया गया है। जिस पर उन्होंने कार्यपालक अभियंता पथ विभाग से विस्तृत जानकारी लिया। तथा समस्याओं का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराते हुए एवं फोरेस्ट किलियरेन्स से संबंधित मामले का निष्पादन करने की बात कही, साथ हीं निर्माण कार्य शुरू करने में जोर दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा कर जिले में अब तक नल से जल योजना से आच्छादित गांव की जानकारी लिया। उन्होंने केरसई प्रखंड के मुख्यालय में नल से जल योजना के तहत पानी की सप्लाई नहीं हो रही है जिसकी जानकारी ली। विभाग को जल की आपूर्ति हेतु मामले का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। भारत नेट परियोजना की समीक्षा कर कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत के कई ऐसे दुर्गम क्षेत्र है जहां नेटवर्क की सुविधा से आच्छादित किया गया, सिमडेगा जिला को भी नेटवर्क से आच्छादित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आई.टी.डी.ए. की समीक्षा कर माननीय मंत्री द्वारा पीवीटीजी समुदाय उनके बच्चों की शिक्षा एवं उनके आजीविका के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। आईटीडीए निर्देशक द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 7 प्रखंडों के 22 टोला में पीवीटीजी समुदाय निवास करते हैं।

# झारखंड के जनजातीय लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
शनिवार को दीप प्रज्वलित कर बिहार रांची के तत्वावधान में जलडेगा प्रखण्ड मुख्यालय एस एस +2 हाई स्कूल परिसर में पर्यटन, कला सांस्कृतिक खेल खुद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड सरकार के संरक्षण में एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में सीओ डॉ खगेन महतो, बीडीओ विजय राजेश बारला, थाना प्रभारी हिरालाल महतो उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों को आयोजक सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया। सीओ डॉ खगेन महतो ने कहा कलाकार कला का रीढ़ होता है। कला हमारी पहचान है, हम सबको हमारी सांस्कृतिक को बचाने के लिए आगे आना होगा। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा हमारी सांस्कृति हमारे पुर्वजों की देन है इसे संजोए रखना हमारी जिम्मेवारी है। बीडीओ विजय राजेश बारला ने कहा हमारी वेशभूषा, रहन सहन, खान पान, और सांस्कृतिक ही हमारी पहचान है। आज इस बदलते समय में हमारी वर्तमान पिढी हमारी सांस्कृतिक एवं परम्परा की जानकारी का अभाव है। झारखण्ड सरकार कला सांस्कृतिक के माध्यम जागरूक करने का काम कर रही है। ताकी अपनी परम्परा सांस्कृतिक के संरक्षण के लिए लोग तत्पर हों। सिमडेगा जिला आदिवासी सांस्कृतिक बहुल क्षेत्र है। यहां के नाच गान का भी एक उद्देश्य है, आज हमारी सांस्कृतिक में आधुनिकता एवं बाहरी सांस्कृतिक का स्थानिय सांस्कृतिक में हावी हो जा रहा है, और इस बदलाव समय में हमारी सांस्कृति, एवं परम्परा बचाए रखना एक चिन्तनीय बिषय संरक्षण की जिम्मेवारी है। आयोजक दल के द्वारा पारम्परिक वेशभूषा में उत्सवनुसार ढोल, नगाड़े, मांदर, सहनाई, बांसुरी के साथ गायन एवं नृत्य प्रस्तुत कर लोगों समाजिक सांस्कृति के संबंध जानकारी एवं जागरूक किया गया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### महिंद्रा आर्केड पार्किंग से बाइक की चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के महिंद्रा आर्केड से शुक्रवार को मोटरसाइकिल जेएच03एल 0938 की चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी चैनपुर थाना क्षेत्र के विवेकानंद नगर मोहल्ला निवासी दिव्य प्रकाश ने बताया कि वह महिंद्रा आर्केड में रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में कैशियर के रूप में कार्यरत हैं। शुक्रवार को वह अपना बाइक जेएच03एल 0938 महिंद्रा आर्केड पार्किंग में लगाकर काम करने चले गए। शुक्रवार की रात 8:30 बजे जब वह काम करके नीचे पार्किंग में पहुंचे तो उनका बाइक नहीं था। उन्होंने अपना बाइक को सभी जगहों पर खोजा लेकिन कहीं भी बाइक का पता नहीं चला। बाइक नहीं मिलने पर उन्होंने शनिवार को अपने बाइक चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज करा दिया है।

### जिला विकल्प की अंतिम तिथि आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा इतिहास और नागरिक विषय के अभ्यर्थियों के लिए जिला विकल्प का आज अंतिम तिथि है। आज रात तक अभ्यर्थियों को जिला विकल्प के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लेना अनिवार्य है । ज्ञात हो कि 6 मार्च को इतिहास नागरिक विषय का मेघा सूची जारी किया गया था। जिसमें 16 मार्च को आयोग के द्वारा लिंक उपलब्ध कराया गया है । वहीं, पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के लिए शुक्रवार की देर रात जिला विकल्प का लिंक ओपन कर दिया गया है । जिसमें सभी अभ्यर्थियों को एक सुनिश्चित समय में अपना जिला विकल्प का काम करना है। आयोग के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर पंचायत सचिव और हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी करने का कार्य किया जा रहा है । कोर्ट के आदेशानुसार तीन महीने के भीतर आयोग को नियुक्ति संबंधी कार्य किया जाना था। लेकिन 3 महीने का समय बीत जाने के बाद भी अभी तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है।

### अज्ञात वाहन ने तोड़ा बिजली पोल ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बिजली पोल टूट गया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग 5 घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि धक्का मारने वाले वाहन चालक पर कार्रवाई की जाए। साथ ही तत्काल बिजली पोल लगाने एवं बिजली चालू करने की मांग थी। मौके पर मौजूद उपेंद्र सिंह,निरंजन सिंह,मनीष ठाकुर,लालन सिंह गुड्डू पटेल केदार सिंह इत्यादि ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की बीती रात्रि में अज्ञात वाहन ने बिजली पोल को धक्का मार दिया। जिससे पोल टुट गया। आसपास में बांधे मवेशी बाल बाल बच गये। वहीं थाना प्रभारी अमन कुमार ने जल्द ही बिजली पोल को लगवाने एवं बिजली को ठीक करने की बात कही। तब जाकर जाम को हटवाया दिया गया।

### संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

**पाटन।** प्रखंड अंतर्गत संत जोसफ कॉन्वेंट स्कूल में पांचवा वार्षिकोत्सव मनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी , पूर्व सांसद मनोज कुमार, एसडीओ राजेश शाह, प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत स्कूल के निर्देशक एनके तिवारी, प्राचार्य आरके सिंह उपस्थित रहे। मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को शिक्षा में ध्यान देने के लिए अग्रसर उत्साहित किया। शिक्षा ग्रहण करने पर ही बच्चों का भविष्य एक बड़े पैदान पर जाकर खड़ा रहेगा। मौके पर कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, मुखिया अखिलेश पासवान, निर्भय सिंह, अभिषेक सिंह, मयंक सिंह, राजेंद्र सिंह, रितु, मधु, खुशबू अभिषेक, स्कूल के शिक्षक मौजूद थे।

# छत्तरपुर विधायक ने विधानसभा में दिया धरना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पाटन** विधानसभा सत्र में छत्तरपुर पाटन विधानसभा के प्रखंड में चिकित्सकों की नियुक्ति के संबंध में विधायक पुष्पा देवी ने सरकार से विगत दिनों में प्रश्न पूछा था। जिसका संतोषजनक जबाब सरकार की तरफ से नही दिया गया। जिसे लेकर विधानसभा के प्रखंड में चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर विधायक ने विधानसभा में धरना दिया। वह बहुत देर तक धरने पर ही बैठी रही और सदन के अंदर नही गई। जब इस संबंध में विधानसभा के स्पीकर को पता चला तो उन्होंने भाजपा विधायक अनंत ओझा और कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला को विधायक के पास भेजा गया। स्पीकर ने कहा कि विधायक को ससम्मान पूर्वक सदन में लेकर आये। ताकि उनके बातों को सभी के समक्ष रखा जा सके। जब विधायक सदन में गई तो उनक ी मांगो पर सरकार ने चिकित्सको के पदस्थापन का जल्द निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

# पदयात्रा कर रैयतों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रांची रोड स्थित गौरी शंकर मैरिज हॉल से रैयतों ने शनिवार को उपायुक्त कार्यालय तक पदयात्रा कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि तीन पंचायत के एक सौ 23 एकड जमीन जायेगी। एनएचएआई के द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के बाद इन भू-धारकों ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि जमीन का दाम विभाग ओने-पौने के दर से लगाने के फिराक में है। जबकि जो जमीन एनएच 75 में जा रहा है । उसका सर्किल रेट काफी ज्यादा है। जमीन का जो रेट तय किया गया है । उसका हमलोग विरोध करते हैं और सभी जमीन का मुआवजा एक समान देने की मांग करते हैं।



दूसरे चरण के लिए भोगू से रेहला शंखा गांव तक भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है।

**रैयतों को एक समान मुआवजा अथॉरिटी दे: पूर्व मंत्री :** वही पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि सभी रैयतों को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जो जमीन अधिग्रहण किया है। उसका एक समान मुआवजा दें ,ताकि जमीन मालिकों का गुजर बसर ठीक ढंग से हो सके। 1988 में संसद के एक अधिनियम द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग के प्रबंधन जमीन देने वाले रैयतों को उन्हें स्थापित करने की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि गैरमजरूआ भूमि मालिक जो लगान रसीद 30 वर्षों से भरते आ रहे हैं। उन्हें भी विभाग मुआवजा दें। सबसे ज्यादा जो जमीन की खरीदी हुई है । उस केवाला के अनुसार अथॉरिटी उन्हें मुआवजा दे। गौरतलब है कि सड़क और परिवहन राजमार्ग के द्वारा पोलपोल, सरजा और लहलहे पंचायत के 750 रैयतों का कुल एक सौ 23 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया है।

# इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

## झारखंड के आदिवासी कलाकारों का आगाज

**अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक मीर मुख्तियार अली ने अपने सूफी गायन से समा बांधा।**

**संध्या के दौरान शिवाजी मैदान में हजारों की तादाद में दर्शक मौजूद रहें।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा के 15 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन नीलाम्बर पीताम्बार लोक महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या का आगाज झारखंड के आदिवासी कलाकारों द्वारा नगाड़ा वादन के साथ हुई। इसके बाद बिहार इप्टा के कलाकारों ने लक्ष्मी प्रसाद यादव के नेतृत्व में अइले नगाड़ा लेके इप्टा मैदान में जनगीत प्रस्तुत किया । वहीं छत्तीसगढ़ इप्टा के साथियों ने मणिमय मुखर्जी के नेतृत्व में सलिल चौधरी की धुन पर जनगीतों की प्रस्तुति दी। झारखण्ड के कलाकारों ने पाईका लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। बिहार इप्टा के कलाकारों ने श्वेता भरती के नृत्य संयोजन में झिझिया लोकनृत्य की मनभावन प्रस्तुति दी। उड़ीसा इप्टा ने उड़सी नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आखिर में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सूफी गायक मीर मुख्तियार अली ने अपने सूफी गायन से समा बांधा। उन्होने नफरत के खिलाफ प्रेम की अलख जलाते हुए अमीर खुसरो, कबीर, गुलाम फरीद, बुल्लेशाह जैसे प्रेम और सद्भाव को तरजीह देने वाले सूफियों के कलाम को प्रस्तुत किया। इस दौरान श्रोता झूमने लगे और फरमायशें भी करने लगे, जिसे मुख्तियार अली ने पूरा किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान शिवाजी मैदान में हजारों की तादाद में दर्शक मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा ।


**राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन कार्यशाला :** शहर में चल रहे इप्टा के 15वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत समकालीन परिदृश्यः मुद्दे और रचनाकर्म विषय पर चर्चा के साथ हुई। इसके तहत वैज्ञानिक चेतना और तर्क, खेती किसानी संकट, सामाजिक न्याय,आर्थिक असमानता एवं साम्प्रदायिकता, पर्यावरण, जेंडर के सवाल पर कार्यशाला आयोजित की गई। इन सब सवालों और जवाबों को लेकर नाटक और गीतों के माध्यम से बदलाव लाने की जरूरत पर बल देते हुए प्रतिभागियों को इस पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रोफेसर मीनाक्षी पाहवा के नेतृत्व में पर्यावरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिस पर इप्टा के साथियों को काम करने जरूरत है। इस तरह से कई मुद्दों पर बातचीत के दौरान सोशल मीडिया के सभी लोगों ने अपने अपने व्यक्तिगत अनुभवों के जरिए विभिन्न कहानियों को आगे बढ़ाया । आने वाले 2 महीनों में इन पर नाटक तैयार होंगे। अलग-अलग आयोजित कार्यशालाओं को समेकित करते हुए तमाम रंगकर्मियों को अपने नाटक, गीत एवं चित्र सहित अन्य कला विधाओं के केंद्र में वैज्ञानिक चेतना और तर्क के साथ खेती किसानी के संकट, जेंडर के सवाल, पर्यावरण के सवाल एवं सामाजिक न्याय आर्थिक असमानता और सांप्रदायिकता को समाहित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# केरल के राज्यसभा सांसद पहुंचे मेदिनीनगर

**मेदिनीनगर।** इप्टा के राष्ट्रीय महाधिवेशन के अवसर पर भाकपा केरला के राज्यसभा सांसद विनय विश्वम मेदिनीनगर पहुंचे । उनके साथ राज्य सचिव महेंद्र पाठक एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह भी पहुंचे। जिनका स्वागत पार्टी ने पार्टी के झंडा के साथ मोटरसाइकिल और कार की रैली के साथ नारा लगाते हुए इंकलाब जिंदाबाद कामरेड विनय विश्वम को लाल सलाम के साथ स्वागत किया गया। स्वागत का नेतृत्व पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण के लिए इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन डाल्टनगंज में हो रहा है । जिसमें पूरे देश के डेलीगेट साथी भाग ले रहे हैं । पार्टी मेहनत कश मजदूर वंचितों शोषण मुक्त समाज के निर्माण ऊंच नीच का भेदभाव गरीबी अमीरी के बीच बटी खाई को समाप्त करने के लिए लगातार संघर्ष करते आ रही है। स्वागत समिति में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, अजेश चौहान, सोनू खान, नसीम राइन, मृत्युंजय तिवारी, आलोक तिवारी, श्रद्धानंद तिवारी, रुपेश रितेश सहित कई लोग मौजूद रहे।




# विहंगम योग ने स्वर्वेद यात्रा को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मदिनीनगर।** सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की बैठक शहर के जेलहाता चौक स्थित शिवकुमार सिंह के आवास पर हुआ। बैठक में भारतीय नववर्ष के अवसर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि को स्वर्वेद यात्रा के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। संस्थान के वरीय सदस्यों ने स्वर्वेद यात्रा के सफल आयोजन को लेकर कई बिंदुओं पर सुझाव दिया। बैठक में तय किया गया कि 22 मार्च को सुबह आठ बजे से स्वर्वेद यात्रा निकाली जायेगी। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित बबलू पाठक के आवास परिसर से निर्धारित समय पर स्वर्वेद यात्रा निकलेगी। इसमें शहरी एवं ग्रामीण इलाकों से विहंगम योग संस्थान से जुड़े लोगों के अलावा अन्य श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल होंगे। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जायेगा। बैठक में स्वर्वेद यात्रा का मार्ग निर्धारित किया गया। तय किया गया कि स्टेशन रोड स्थित बबलू पाठक के आवास से निकलकर स्वर्वेद यात्रा कचहरी परिसर, जेलहाता चौक,साहित्य समाज चौक,शहीद भगत सिंह चौक,कन्नी राम चौक,आढ़त रोड,हीरा मंदिर रोड,जिला स्कूल चौक,प्रधान डाकघर चौक,सुभाष चौक, बेलवाटिका चौक,बिरसा मुंडा चौक ,स्टेशन रोड होते हुए स्वर्वेद यात्रा का समापन होगा। इसे सफल बनाने के लिए कई लोगों को जिम्मेवारी दिया गया। बैठक में संस्थान के झारखंड प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह, जिला परामर्शक नंदलाल पासवान, भानु प्रताप देव,राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा, शिव कुमार सिंह, बबलू पाठक, रेणु सिंह, विशुनदेव मेहता, ब्रजेश सिंह, शंभू कुमार, रमेश कुमार, सविता पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

# महापौर ने किया सुंदरीकरण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर , उपमहापौर मंगल सिंह एवं शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुरेश जैन, ख्याति प्राप्त डॉक्टर डॉ रघुवंश नारायण सिंह एवं समाजसेवी अरुणजय नारायण सिन्हा ने साथ मिलकर शिवाजी मैदान सुंदरीकरण का शिलान्यास किया। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मैं जब भी इस मैदान के तरफ से सुबह शाम गुजरती थी ,तो देखती थी कि कई गणमान्य महिला पुरुष यहां अंधेरे में इवनिंग वाक करते थे । यहां ना तो कोई बैठने की व्यवस्था थी और ना ही टॉयलेट। उसी वक्त मैंने निर्णय लिया था कि इसे सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित किया जाएगा । जिसका शिलान्यास आज हम सबों ने मिलकर किया। इस शिलान्यास के अवसर पर इप्टा के कार्यक्रम में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ के कलाकार भी शिलान्यास में सम्मिलित होकर शिलान्यास की शोभा बढ़ाया। महापौर ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मैदान है । यहां सारे बड़े-बड़े पॉलिटिकल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ करते हैं । इसके लिए नए ढंग से स्टेज, ग्रीन रूम, टॉयलेट बनाए जा रहे । ताकि आयोजक कम राशि में आयोजन कर सके। पूरे फील्ड में विशेष लाइट की व्यवस्था भी की जा रही। महापौर ने कहा कि जब मैं महापौर बनी थी । उस वक्त पूरे निगम क्षेत्र में 66 साल एक ही परिवार द्वारा राज करने के बाद भी एक मैदान नहीं था । जहां महिलाएं ,बुजुर्ग घूम सकें और बच्चे खेल सके । लेकिन आज मुझे खुशी है कि हमारे निगम क्षेत्र में 2 वर्ष कोरोना के कारण बाधित होकर भी हम मात्र 3 वर्ष के कार्य की अवधि में गांधी उद्यान, अंबेडकर पार्क, मरीन ड्राइव और अब शिवाजी मैदान जनता को समर्पित करूंगी। इन मैदानों को बच्चे ,बुजुर्ग, महिलाएं एवं यूथ सभी को ध्यान में रखकर निर्माण किया जा रहा। महापौर ने कहा कि इसके अलावा भी कई मोहल्ले में भी पार्क का निर्माण 2 माह के अंदर किया जाएगा । जिसमें चैनपुर, शाहपुर, रेड़मा, सुदना ,पुलिस लाइन प्रमुख है । जहां बच्चों के लिए अत्याधुनिक मल्टी प्ले स्टेशन लगाने की तैयारी है। इस अवसर पर मंगल सिंह ने कहा कि जो जो वादा हम दोनों ने मिलकर किया था वो सब पूरा करेंगे।



# लौंग लाईफ केयर में 60 मरीजों का सफल ऑपरेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सद्दीक मंजिल चौक स्थित जाने-माने हॉस्पिटल लौंग लाइफ केयर में शुक्रवार को मोतियाबिंद के 60 मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल व अंधापन नियंत्रण उन्मूलन झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह ऑपरेशन मशहूर नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ध्रुव ज्योति सरकार एवं इनकी टीम ने किया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. एस सिंह व हॉस्पिटल के निदेशक डा. ए. अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। हॉस्पिटल के निदेशक डा. ए अंसारी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान मरीजों के स्वास्थ्य का पूरा खयाल रखा गया। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन होगा। ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को दवा और चश्मा निःशुल्क दी जायेगी। बता दें कि लौंग लाइफ केयर हॉस्पिटल में समय समय पर कई बार निःशुल्क शिविर लगा कर मरीजों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है।

# परशुराम सेना युवा वाहिनी पहुंची माँ विंध्यवासिनी के दरबार

**मेदिनीनगर।** धार्मिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी परिवार ने माता विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंच कर पूजा अर्चना की । प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में माता विंध्यवासिनी के दरबार में पहुंच कर इस वर्ष युवा वाहिनी के द्वारा आयोजित किए जाने वाले धार्मिक आयोजनों की सफलता का कामना किया गया । मौके पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के साथ प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,अनुशासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी),पलामू प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय,पलामू जिलाध्यक्ष विकास दूबे व शैलेश तिवारी ने माता विंध्यवासिनी के चरणों में सनातन संस्कृति को लेकर आगे बढ़ने की कामना की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बताया की पूरे वर्ष सभी धार्मिक आयोजनों के सफल होने के बाद 51 सदस्यों की टीम माता विंध्यवासिनी के चरणों में आयेगी। उन्होंने बताया कि संगठन धार्मिक स्थलों व धार्मिक आयोजनों को लेकर आगे बढ़ने के लिए कृतसंकल्पित है।

**तैयारी**

## पलामू में कोरोना के बाद हांगकांग फ्लू का बढ़ सकता है खतरा

# खतरे से लड़ने को स्वास्थ्य विभाग तैयार : सिविल सर्जन

**मरीजों के लिए 300 बेड सुरक्षित, इनमें 150 ऑक्सीजन युक्त बेड**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में भी स्वास्थ्य विभाग हांगकांग फ्लू से निबटने के लिए तैयारी कर ली है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। कोरोना से निबटने के लिए लोगों को जो सावधानियां बरतनी पड़ती थी। वहीं सावधानी हांगकांग फ्लू में भी बरतने के लिए कहा गया है। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हांगकांग फ्लू के मरीजों के लिए 300 बेड सुरक्षित कर दिया गया हैं। इनमें 150 ऑक्सीजन युक्त बेड शामिल हैं। इसके अलावा छतरपुर अनुमंडल अस्पताल और हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में 50-50 बेड सुरक्षित कर लिए गए है। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30-30 बेड सुरक्षित कर लिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बीमारी की जांच के लिए कीट मंगाई गई है। साथ ही दवाइयां भी तैयार रखी गई है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि हांगकांग फ्लू को लेकर सरकार द्वारा दिए दिशा निर्देश का पालन किया जा रहा है। जिले के सभी अस्पतालों में तैयारियां की जा रही है। साथ ही लोगों को सतर्क रहने और सावधानियां बरतने की अपील की जा रही है। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक दिशा निर्देश भी से दिया गया है।



### क्या है बीमारी का लक्षण

सिविल सर्जन ने बताया कि इस बीमारी का लक्षण मौसमी फ्लू के लक्षण के समान होते है। एच3एन2 के लक्षण बुखार, सांस लेने में तकलीफ, खांसी सहित सामान्य रोग के लक्षण के समान ही है। इससे बचाव के लिए मास्क पहनना, समय-समय पर हाथों की सफाई करना, भीड़ भाड़ वाले इलाकों से दूर रहना, इन सभी नियमों का पालन करते हुए अपनी सुरक्षा का खास ख्याल रखना है। इस बीमारी से ज्यादातर प्रभावित गर्भवती महिला, बुजुर्ग और ज्यादा बीमार व्यक्ति होते है।

### भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

**पाटन ।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल के द्वारा आज बूथ शक्तिकरण अभियान के तहत बूथ सशक्तिकरण हेतु शक्ति केन्द्र सिरमा में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने किया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा नेता व पूर्व सांसद मनोज कुमार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह मंडल प्रवासी जोवाहर पासवान भाजपा मंडल प्रभारी उदय कुमार शुक्ला एव अर्जुन तिवारी ,कामता सिंह, गुड्डु सिंह, अजय सिंह अजय मेहता, पशुपति शर्मा, धीरेंद्र सिंह आनंद सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह अभिषेक कुमार सिंह, मयंक कुमार सिंह, शिवकुमार राम, रामाधार साहू शक्ति केंद्र संयोजक के सह संयोजक शक्ति केन्द्र प्रवासी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

## एक नजर इधर भी

# परीक्षा का बुखार



■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657


***हमारे*** पड़ोसी के लड़के को 99.9 परसेंट क्यों आए? इसी चिंता में अपने 99 परसेंट वाले लड़के को यह कहकर लताड़ने लगा कि एक परसेंट कहाँ गया। बगल वाले के लड़के को प्वाइंट नाइन अंक क्या अधिक आ गये मेरी छाती पर साँप लौटने लगे। हाँ यह अलग बात है कि मैं अपने समय बॉर्डर पास होने को पाकिस्तान पर जीत से कम नहीं समझता था। ऐसे में अपने बेटे को डाँटना-फटकारना अखरना तो बुरा लगता है, लेकिन न डाँटने पर पड़ोसियों की नजर गैर-जिम्मेदारा माता-पिता का तमगा लग जाता है। आज तो कई काम पड़ोसियों के लानत भरे तमगों से बचने के लिए करते हैं। भारत रत्न जितना सम्मानजनक होता है, उतना ही पड़ोसियों का तमगे से बचे रहना उससे कहीं कम नहीं है। पड़ोसियों की देखा-देखी यह पूछना कि प्वाइंट नाइन परसेंट कहां कटा आया? अक्ल कहाँ भूंसा चरने गई थी, कहना संवेदनशील माता-पिता होने का प्रतीक है। और तो और बगल वाले बच्चों से जब तक तुलना न कर दो तब तक हलक के नीचे निवाला उतरने का नाम नहीं लेता। पड़ोसी भी मानो पड़ोसी न हुए हमारे डायटिशियन हो गये। बच्चों के अंक में प्रश्नों के उत्तर छिपे हों या न हों लेकिन माता-पिता की नाम अवश्य छिपी होती है। जितने अंक कम होंगे नाक उतनी ही अधिक कटेगी। दोनों का ग्राफ विरोधाभासी स्वभाव का अधीन होता है। यही कारण है कि बच्चे सदा स्कूल बंद रहने की इच्छा व्यक्त करते हैं। नो एग्जाम नो टेंशन। उनकी ख्वाहिश है कि चुनावों की तरह इम्तिहान भी पांच साल बाद ही होने चाहिए। डॉक्टरेट की डिग्री भी सब्जी मंडी में सब्जियों की तरह मिल जाएँ तो कितना अच्छा होता। न पढ़ने का झंझट और न लिखने की किरकिरी। ऐसे ही लोगों के लिए रेल से सफर करने पर गुप्त रोग विज्ञापनों के बाद एक झटके में डिग्री पास। बिना दसवीं के डिग्री। या यूँ कहें कि बिना पढ़ाई के डिग्री के टुकड़े। इन्हीं के चलते देश में घोड़े और गधों की गिनती रोक दी गई है। चूंकि इंसान कहलाने वाले घोड़े बनने के चक्कर में गधे बनते जा रहे हैं। और जो घोड़े हैं वे गधों की चिंता में न इधर के न उधर हुए हैं। खच्चर से लगने लगे हैं। परीक्षा पे चर्चा के बाद विद्यार्थियों में सदा आशाएं मजबूत होती हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब बिना पेपर दिये ही बच्चे घर बैठे ही इंजीनियर या डाक्टर बन जाएंगे। ऐसा ही सुखद वातावरण रहा तो आई .ए. एस के पद भी घर घर पहुंचा दिये जायेंगे। वर्क फ्राम होम के बाद डिग्री और नौकरी एट युअर होम। सबसे बड़ा सुकून तो परीक्षार्थियों को यह मिल रहा है कि पर्चियाँ बनाने का झंझट अब खत्म होता जा रहा है। कोरोना ने पर्चियाँ छुपाने की के लिए गुप्त स्थानों को ढूंढने की टेंशन से निजात दिलाया है। नकल के लिए ब्लू टुथ के लिए नेटवर्क का टंटा खत्म। अभिभावकों को एक ही डॉयलाग- बेटा पढ़ लो ....पढ़ लो... रटने से निजात मिली। अब पढ़ो न पढ़ो सब मेरिट में पास। गधे घोड़े सब खाएं च्यवनप्राश। प्राईवेट इंस्टीच्यूट जो अखबारों में अपने यहां पढ़ने वाले आठवीं क्लास के बच्चों के फोटो और अंकों सहित बड़े बड़े विज्ञापन देते नहीं थकते थे और हमारे यहां एडमिशन करवाओ का लालच देते थे, उनका धंधा चौपट हो गया, अखबारों को धक्का लगा। सच देखा जाए तो जीवन हर कदम पर परीक्षा लेती है। पेपर लीक करवाने वालों का भी फुलटाइम धंधा चौपट। ऑन लाइन पेपर से पेपर की बचत। मोबाइल फोनों, टैब्स, लैपटॉप की बिक्री में सोने की तरह उछाल यानी इम्तिहान न हों तो हर रोज, परीक्षार्थियों के दिलों में होली दिवाली जैसी खुशी का एहसास...! काश इसी तरह बिना परीक्षा के पास होने का सुख जीवन भर बना रहता।

# रामराज्य दुनिया की सभी राज व्यवस्था का आदर्श

***श्रीराम*** मंगल भवन हैं। वो अमंगलहारी हैं। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम राम, अलग हुए तो राम राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे धैर्य हैं। सक्रियता हैं। परम शक्तिशाली हैं। भाव श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों का संगम हैं। युद्ध में पौरुष पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। राम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं ''पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शास्त्रधारियों में राम हूं।'' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। श्रीराम प्रतिदिन प्रतिपल उपास्य हैं लेकिन विजयादशमी व उसके आगे पीछे श्रीराम के जीवन पर आधारित पूरे देश में श्रीराम लीला के उत्सव होते हैं। संप्रति देश के कोने कोने रामलीला उत्सव होते हैं। राम भारत बोध में तीनों लोकों के राजा हैं। त्रिलोकीनाथ हैं। सो भारत के बाहर भी इंडोनेशिया आदि देशों में भी श्रीरामलीला होती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रामलीला विख्यात है। वाराणसी देश की सांस्कृतिक राजधानी है। यहां की रामलीला दर्शनीय है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव रामलीला की परंपरा है। दुनिया के किसी भी देश में एक ही समयावधि में हजारों स्थलों पर ऐसे नाटक नहीं होते। रामलीला में आनंद रस का प्रवाह है। रामलीला के रूप लगातार बदल रहे हैं। यूरोप के कुछ एक विद्वानों ने रामलीला को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया है। अभिनय क्षेत्र की सभी कलाएं मनोरंजन करती हैं। रामलीला भी अभिनय कला है। लेकिन रामलीला मनोरंजन का उद्यम नहीं है। सभी नाटकों की एक कथा होती है। प्रायः काल्पनिक होती है। कुछ इतिहास से भी जुड़ी रहती है। लेकिन रामलीला की कथा काल्पनिक नहीं है। यह सत्य कथा है। प्रेरक है। भक्तिरस का प्रवाह है। समाज की मर्यादा इस ऐतिहासिक कथानक का केन्द्रीय विचार है। रामलीला मात्र नाटक नहीं है। मूल रूप में नाटकों में भाव प्रवणता नहीं होती। नाटक की कथा का लेखक भाव अंश डालता है। नाटक के पात्र अपने अभिनय से भाव प्रवणता का सृजन करते हैं। राम कथा के सभी पात्र भाव प्रवण हैं। इतिहास में हैं। संस्कृति में हैं। हम सब राम, लक्ष्मण, भारत, शत्रुघन, हनुमान, सुग्रीव आदि से सुपरिचित हैं, उनके प्रति आदर भाव से भरे पूरे हैं। राम कथा हमारे अंतरंग में रची बसी है। हम सहस्त्रों वर्ष से रामलीला के दरश परस में सभी रसों का पान करते आये हैं। रामरसायन में आश्वस्ति है। रामलीला पुरातन राम कथा का पुरश्चरण है। यह कथा पुरातन है। नित्य नूतन है। भारतीय संस्कृति का मधुमय प्रसाद है। रामलीला सिर्फ नाटक नहीं है। भरत मुनि ने विश्व प्रतिष्ठ ग्रंथ नाट्यशास्त्र लिखा है। उन्होंने बताया है कि ''नाटक का मूल रस होता है''। राम कथा सभी रसों की अविरल धारा है। भारत का कला विवेक श्रीराम में रमता है। यूरोप के विद्वानों को रामलीला अपरिपक्व लगती है। एच नीहस ने लिखा था कि, रामलीला 'थियेटर इन बेबी शोज' है। बचकाना प्रदर्शन है। घोर अव्यवस्था होती है। दर्शक मंच पर चढ़ जाते हैं। लोग अभिनेताओं के सजने संवरने वाले कक्ष में घुस जाते हैं।'' ऐसा कहने वाले रामलीला में अभिनय के नियम खोजते हैं। वे राम कथा के प्रति भारतीय प्रीति पर ध्यान नहीं देते। सामान्य नाटकों में पात्र अपनी अभिनय कुशलता से दर्शकों के चित्त में भाव उद्दीपन करते हैं। रामलीला में भाव उद्दीपन पहले से ही विद्यमान है। राम कथा मंदाकिनी है। वाल्मीकि तुलसी या कम्ब राम रसायन की रसधारा को शब्द देते हैं। रामलीला में ब्रह्म के मनुष्य होने की गाथा का मंचन है। यहां ब्रह्म मनुष्य रूपधारी श्रीराम हैं। श्रीराम मनुष्य की तरह हर्ष विषाद में आते हैं। मनुष्य की तरह कर्तव्य पालन करते हैं। उनकी कोई अभिलाषा नहीं। वे अभिलाषा रहित हैं। ब्रह्म अकारण है। उसकी कोई इच्छा नहीं। ब्रह्म का उद्भव ब्रह्म से हुआ। ब्रह्म सदा से है। यही राम रूप प्रकट होता है। वह कर्ता नहीं है। उसके सभी कृत्य लीला हैं। यह विराट जगत भी ब्रह्म की लीला है। वह अभिनय करता है श्रीराम होकर। मनुष्य रूप धारी ब्रह्म श्रीराम होकर मर्यादा पालन करते हैं। उनके सारे निर्णय स्वयं के विरुद्ध हैं। वे प्रतिपल तपते हैं, सीता निष्कासन अग्नि में तपने जैसा दुख देता है लेकिन राम को तप मर्यादा प्रिय है। रामलीला यही तप प्रस्तुत करती है। यहां अभिनय की गुणवत्ता पर बहस का कोई मतलब नहीं। अर्थ रामकथा में है और यह कथा भारत के मन की वीणा है। दुनिया की पहली रामलीला में ब्रह्म स्वयं राम का अभिनय करते है। साधारण अभिनय नहीं। यहां आदर्श अभिनय के सभी सूत्र एक साथ हैं। आदर्श पितृभक्त। पिता की आज्ञा के अनुसार वन गमन। निषाद राज का सम्मान। अयोध्या से वन पहुंचे भरत को राजव्यवस्था के मूल तत्वों पर प्रबोधन। शबरी सिद्धा का सम्मान। वनवासी राम मोहित करते हैं। यह लीला राज समाज की मर्यादा से बंधी हुई है। विश्व की पहली रामलीला मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन है। हम सब पहली लीला का अनुसरण अनुकरण करते हैं। ब्रह्म स्वयं लीला करता है। आधुनिक रामलीला का आधार पहली रामलीला है। बड़े-बड़े अभिनेता भी पहली रामलीला जैसा अभिनय नहीं कर सकते। पहली रामलीला मौलिक है। आज की रामलीला पहली रामलीला का दुहराव है। रामकथा हमारी परंपरा का हिरण्यकोष है। यह परंपरा के हिरण्यगर्भ से प्रकट हुई है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, ''सबसे पहले हिरण्यगर्भ था, वही सबका स्वामी था''। पहली रामलीला का मुख्य पात्र परम सत्ता है। इसी परंपरा में कोई राम का अभिनय करता है, कोई लक्ष्मण आदि का। हम रामलीला में हर बरस रावण फूंकते हैं लेकिन रावण नहीं मरता। रावण मारने के लिए श्रीराम जैसा धीरज व पराक्रम चाहिए। कथित प्रगतिशील तत्व रामलीला को अतीत में ले जाने का नाटक बताते हैं लेकिन रामलीला अतीत की यात्रा नहीं है। यह इतिहास के अनुकरणीय तत्वों का पुनर्सृजन है। भारतीय चिंतन में हम सबका जीवन भी नाटक जैसा है। संसार इस नाटक का स्टेज है। हम अल्पकाल में अभिनय करते हैं। पर्दा उठता है। खेल शुरू होता है। पर्दा गिरता है, खेल खत्म हो जाते हैं। रामलीला का रस सभी रसों का संगम है। राम और रावण भारतीय चिंतन के दो आयाम हैं। एक सिरे पर श्रीराम की अखिल लोकदायक विश्रामा अभिलाषा है, मर्यादा पालन की प्राथमिकता है। दूसरे छोर पर रावण की धन बल अहमन्यता है। श्रीराम और रावण के युद्ध में विजयश्री श्रीराम का वरण करती है। यह विजयश्री असाधारण है। श्रीराम वन गमन के समय माता कौशल्या से मिले थे। माता ने उनसे कहा था, ''मैं तुम्हे नहीं रोकूंगी। तुम जाओ। लेकिन पुत्र अमृत लेकर ही लौटना। मैं प्रार्थना करती हूं कि तुम्हारे द्वारा पढ़ा गया ज्ञान वन में तुम्हारी सहायता करे। इन्द्र आदि देवता तुम्हारी रक्षा करें।'' राम निर्धारित अवधि के बाद विजय अमृत लेकर ही लौटे।

**संप्रति देश के कोने कोने रामलीला उत्सव होते हैं। राम भारत बोध में तीनों लोकों के राजा हैं। त्रिलोकीनाथ हैं। सो भारत के बाहर भी इंडोनेशिया आदि देशों में भी श्रीरामलीला होती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रामलीला विख्यात है। वाराणसी देश की सांस्कृतिक राजधानी है। यहां की रामलीला दर्शनीय है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव रामलीला की परंपरा है।**

इन दिनों



हृदयरायण दीक्षित

# शताब्दी वर्ष का संघ संकल्प

***राष्ट्रीय*** स्वयंसेवक संघ की स्थापना सकारात्मक भाव भूमि पर हुई थी। इसमें नकारात्मक चिंतन के लिए कोई जगह नहीं है। हिन्दू समाज को संगठित करने का ध्येय था। संघ की संरचना में शाखाएं सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती हैं। यहीं से सामाजिक संगठन और निःस्वार्थ सेवा का संस्कार मिलता है। इसमें मातृभूमि की प्रार्थना की जाती है-नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमि। यह भाव राष्ट्र को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देता है। समाज के प्रति सकारात्मक विचार जागृत होता है। स्वयंसेवकों के समाज सेवा कार्य इसी भावना से संचालित होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के सौवें वर्ष में प्रवेश करने से पहले चाहता है कि वह देश के सभी मंडलों तक शाखाओं का विस्तार कर दे। इसके लिए हरियाणा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में विस्तार से चर्चा हुई। मंडल स्तर पर शाखाओं का विस्तार महत्वपूर्ण है। संघ का शताब्दी समारोह अगले वर्ष विजयादशमी से शुरू होगा। कोविड आपदा के दौरान शाखाओं के कार्य में व्यवधान आया पर उसके बाद प्रत्येक क्षेत्र में संघ कार्यों की लगभग दस प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आगामी समय में इसको विस्तार देने पर विचार-विमर्श हुआ। पहले से संचालित सामाजिक समरसता अभियान को तेज किया जायेगा। समाज में छुआछूत और भेदभाव को दूर करने के लिए कार्यकर्ताओं को और सजग किया जायेगा। इसके साथ ही वह पारिवारिक मूल्यों के लिए और कुटुम्ब प्रबोधन के कार्यक्रमों को गति दी जायेगी। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य संचालित होगा। लोक जागरण को वरीयता दी जायेगी। सामाजिक जीवन मूल्यों के प्रति लोगों को जागृत किया जायेगा। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने साफ तौर पर कहा कि यह बैठक पूरी तरह से सामाजिक ढांचे को चुस्त-दुरस्त रखने और भारत राष्ट्र और हिन्दू व भारतीय समाज को संगठित करने के लिए थी। इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक व अन्य प्रकार की चर्चा नहीं हुई। आलोचकों को समाज में संघ की स्वीकार्यता की वास्तविकता को देखना चाहिए। संघ राजनीतिक क्षेत्र में काम नहीं करता है। संघ के साथ किसी की कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। शाखा के इतर संघ के सभी आयामों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। शाखा संघ का एक बड़ा आयाम है। इसमें स्वयंसेवक सुबह या शाम के समय संघ स्थान पर जाते हैं। बाकी संघ के सभी प्रकार के कार्यक्रमों जैसे प्रचार विभाग, कुटुम्ब प्रबोधन हो, सेवा हो या अन्य प्रकार के कार्यक्रमों के नीति निमार्ताओं व नीति निर्धारण करने वालों में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहती है। जहां भी शाखाएं लगती हैं वहां तीन माह में एक बार पूरे परिवार के साथ सहभोज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और चर्चा आदि आयोजित किये जाते हैं। इसमें परिवार के सभी सदस्य सम्मिलित होते हैं। ऐसा करके एक प्रकार से संघ ने पूरे परिवार को साथ में जोड़ने का एक और नया आयाम दिया है। संवाद के माध्यम से सभी को संघ एकजुट करना चाहता है। संघ के नेता मुस्लिम बुद्धिजीवियों और उनके आध्यात्मिक नेताओं से उनके आमंत्रण पर ही मिल रहे हैं। मुस्लिम, इसाई अथवा विदेश से आने वाले प्रतिनिधिमंडल यदि वे संघ को समझने और उससे संवाद कायम करना चाहते हैं तो ऐसे सभी लोगों का संघ स्वागत करेगा। लेकिन राष्ट्र विघातक शक्तियों के विरुद्ध समाज को सजग करना अपरिहार्य होता है। भाषा,जाति या अन्य प्रकार के भेदों को दूर करते हुए संघ के कार्यकर्ता समाज को एकजुट करने का काम करते हैं। कुछ राजनीतिक शक्तियां अपने स्वार्थ के लिए समय-समय पर भाषा-जाति व अन्य प्रकार का विघ्न पैदा करते हैं। लेकिन समाज बहुत जागृत है। ऐसे लोग कभी सफल नहीं होंगे। भारत और समाज को तोड़ने वाली शक्तियां परास्त होंगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी लक्ष्य को लेकर समाज को एकजुट करने का कार्य करता रहेगा। इस बैठक में अनेक अहम निर्णय लिए गए। इसमें एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव है। इसमें कहा गया है कि विश्व कल्याण के उदात्त लक्ष्य को मूर्तरूप प्रदान करने हेतु भारत के 'स्व' की सुदीर्घ यात्रा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रही है।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के सौवें वर्ष में प्रवेश करने से पहले चाहता है कि वह देश के सभी मंडलों तक शाखाओं का विस्तार कर दे। इसके लिए हरियाणा में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में विस्तार से चर्चा हुई। मंडल स्तर पर शाखाओं का विस्तार महत्वपूर्ण है। संघ का शताब्दी समारोह अगले वर्ष विजयादशमी से शुरू होगा।**

■ **डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## है न विचित्र बात !

# जब मिली कम पैसे की नौकरी

***केदार*** शर्मा (मूल नाम किदार) का जन्म 1910 में गांव नरोवाल, पंजाब में हुआ था। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत 1932 में की जब वे कलकत्ता के न्यू थियेटर्स में बैकड्रॉप स्क्रीन पेंटर और पोस्टर पेंटर के रूप में शामिल हुए। उन्हें एक स्टार निमार्ता कहा जाता है। उन्होंने फिल्म उद्योग को राज कपूर, मधुबाला, गीता बाली, माला सिन्हा, भारत भूषण, रमोला और तनुजा जैसे कुछ महान सितारे दिए हैं तो कुछ संगीतकारों को पहली फिल्म देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जैसे रोशन, स्नेहल भाटकर, खान साहिब झंडे खान, बुलो.सी. रानी और जमाल सेन...। उन्होंने समय से आगे चलकर और खतरे उठा कर एक नए ढंग का सिनेमा बनाया। यही वजह है कि उन्हें हिंदी सिनेमा का द्रोणाचार्य कहा जाता है। उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में चित्रलेखा, अरमान, विष कन्या, गौरी, मुमताज महल, भंवरा, चांद चकोरी, धन्ना भगत, दुनिया एक सराय, जोगन, नील कमल आदि शामिल हैं। उन्होंने अनेक फि ल्मों के गीत, पटकथा और संवाद भी लिखे। केदार शर्मा ने मदन थिएटर की अपनी पहली नौकरी मिलने और उसके रोचक इंटरव्यू के बारे में अपनी आत्मकथा में विस्तार से लिखा है। वे लिखते हैं- एक दिन मुझे पता चला कि मदन थियेटर्स को एक असिस्टेंट पेंटर की जरूरत है। वहां दिनशा ईरानी नामक एक पारसी सज्जन थे जो कला विभाग के प्रमुख थे। अगले दिन मैं उनसे मिलने पहुंचा तो वहां एक और उम्मीदवार असलम भी इंतजार कर रहा था। वह कुर्ता-पायजामा पहने हुए था, जबकि मैं एक तीन पीस सूट और एक कॉलर वाली बो टाई में आया था। दिनशा का कद छोटा, स्वभाव सख्त लेकिन नेक दिल था। उन्होंने हम दोनों से कहा कि नौकरी अस्थायी है, केवल दो या तीन महीने के लिए। जब हम दोनों इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हो गये, तो उन्होंने शरारती मुस्कान के साथ कहा 'अच्छा, अब मैं आप दोनों से कुछ सवाल पूछूंगा और मुझे सीधे ईमानदार जवाब चाहिए।' उनका पहला सवाल था, 'तुम शाकाहारी हो या मांसाहारी? मैंने कहा कि मैं पक्का शाकाहारी हूं।' उन्होंने असलम की ओर देखकर बोला, 'तुम तो पक्के मांसाहारी होगे। असलम ने शरमाते हुए सिर हिलाया। फिर मेरी ओर मुड़कर उन्होंने पूछा 'श्रीमान शर्मा, क्या आप पीते हैं, मेरा मतलब है कि आप ड्रिंक लेते हैं या आप एक टीटोटलर हैं?' मैंने काफी गर्व से जवाब दिया, 'सर, मैंने, अपने पूरे जीवन में कभी शराब की एक बूंद भी नहीं चखी।' दिनशा जी ने सिर हिलाया और फिर असलम की ओर मुड़े, जिसने एक पल के लिए अपनी आंखें नीचे कर लीं और फिर जवाब दिया, 'सर, मैंने कभी-कभार दारू पी है ताकि मैं अपने दुख, अपनी गरीबी को भूलने में मदद पा सकूं।' उसने आगे कहा, 'दो ग्लास से मैं खुश हो जाता हूं और गा सकता हूं, लेकिन तीन ग्लास से पूरी दुनिया नशे में लगती है और मैं शांत हो जाता हूं।' दिनशा जी ने उसकी पीठ थपथपाई और कहा, 'तुम बहुत ईमानदार हो।' फिर वह मेरी ओर मुड़े और पूछा, 'श्रीमान शर्मा, क्या आप रेड लाइट एरिया जाते हैं, हर एक महीने या एक साल में, आखिरकार आप युवा हैं और अकेले हैं।' इस पर मैंने पलटवार किया, 'सर, मैं वेश्यावृत्ति की जगह पर कभी नहीं जाऊंगा, यह एक बदबूदार मांस बाजार है।' मैंने अपने कॉलेज से जारी चरित्र प्रमाण पत्र उनके सामने रखते हुए कहा, 'सर, मैं एक अनुकरणीय नैतिक चरित्र के साथ एक खुशहाल शादीशुदा आदमी हूं। मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर मेरे लिए वही करता है जो असलम के लिए दारू करती है।' दिनशा अब असलम के पास गये। असलम ने जवाब दिया, ३मैं मानता हूं कि मैं कभी-कभी सोना-गाछी (कलकत्ता का रेड लाइट एरिया) जाता हूं।

■ **अजय कुमार शर्मा**

# संबंध बिगड़े तो विश्वयुद्ध का खतरा

***एक*** साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटों के दखल को देख शायद रूस ने अब इनसे ही सीधे सुलटने का निर्णय ले लिया है। वह इस तरह की पहले से इसकी चेतावनी देता भी रहा है। लगता है कि इसकी शुरूआत उसने कालासागर में अमेरिकी ड्रोन को मार कर कर दी है। उसने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को एक तरह से चेतावनी भी दे दी है। अपने इरादे भी बता दिये हैं। घटना को लेकर रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि हाल के दिनों में ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका रूस की जासूसी कर रहा है। इसी वजह से ये घटना हुई। रूसी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। यह खुद तो नहीं लड़ रहे किंतु युद्धरत यूक्रेन की अस्त्र-शस्त्र और अन्य प्रकार की पूरी क्षमता से मदद करने में लगे हुए हैं। रूस भी हालत को समझ गया है। उसने पीठ पीछे की कहानी को आगे करने का निर्णय लिया। इसी के तहत रूस ने काला सागर के ऊपर उड़ते अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। उसकी ये कार्रवाई बताती है कि उसने अमेरिका और नाटो देशों से अब सीधे निपटने का फैसला कर लिया है। अच्छा है कि नाटो अब भी संभाल जाय। सुधर जाय। रूस के दुश्मन यूक्रेन की परोक्ष और अपरोक्ष रूप से की जाने वाली मदद बंद कर दें। ऐसा न होने पर वह नाटो देशों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई कर सकता है। यूक्रेन एक छोटा-सा देश है। रूस जैसी महाशक्ति से उसका कोई मुकाबला नहीं। यूक्रेन नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस चाहता था कि यूक्रेन नाटो गठबंधन में शरीक न हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन को रूस का हिस्सा मानते रहे हैं। पुतिन की सदा मंशा रही कि वो रूस को साल 1991 से पहले यानि सोवियत संघ के विघटन से पहले वाले स्वरूप में वापस लेकर आएं। यूक्रेन रूस का हिस्सा बन जाय। वह ऐसा नहीं कर पाय। उधर यूक्रेन नाटों में शामिल होने के प्रयास में लग गया। इससे उन्हें लगा कि यदि ऐसा हो गया तो नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आ जायेगी। यूक्रेन की और रूस की सीमा सटी है। नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आकर रूस के लिए परेशानी ही पैदा करेंगी। साथ ही उसकी यूक्रेन के रूस में मिलाने की योजना भी धूसरित हो जायेगी। यूक्रेन पूरी क्षमता से नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस के मना करने की अपील का उस पर असर नजर नही आ रहा था। ऐसे में उसे सबक सिखाने में लिए रूस ने ये हमला किया। उसने इसे छोटा सैन्य आपरेशन नाम दिया। रूस ने हमला ये सोचकर किया कि यूक्रेन के नाटों में शामिल होने के बाद नाटो देश उसका साथ देंगे, पहले नहीं, किंतु एक साल से चल रहे युद्ध ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका और नाटो देश खुद युद्ध नहीं लड़ रहे, अपितु वे यूक्रेन को युद्ध लड़ा रहे हैं। मदद कर रहे हैं। खुद युद्ध के मैदान में नही हैं किंतु हथियार और गोला बारूद उनका है। सिर्फ लड़ने वाले उनके सैनिक नहीं हैं। वे सिर्फ यूक्रेन के जवान हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तकरीबन 30 देशों ने भारी तादाद में यूक्रेन को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराईं। ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने भी ऐलान किया है कि यूक्रेन को विध्वंसकारी टैंक जैसे- 'चैलेंजर 2 टैंक' और 'लेपर्ड 2 टैंक' यूक्रेन को मुहैया कराये जायेंगे। यूक्रेन को सबसे ज्यादा मदद अमेरिका कर रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को 90 स्ट्राइकर भेजे हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने यूक्रेन को 59 ब्रेडली इन्फैंट्री लड़ाकू विमान भेजे हैं। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए अमेरिका लगातार अपने हथियारों का जखीरा यूक्रेन को दे रहा है। गौरतलब है कि रूस लगातार यह बात कहता आया है कि यह युद्ध यूक्रेन के अलावा अमेरिका भी लड़ रहा है। रूस लंबे समय से अमेरिका और नाटो देशों को चेतावनी दे रहा है कि यूक्रेन की मदद की तो ठीक नहीं होगा। वह मदद को सीधा अपने पर हमला मानेगा। कई बार वह परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की धमकी भी देता रहा है। यह भी कहा है कि किसी देश की सैटलाइट उनके देश की जासूसी करती मिली, तो वह उस सैटलाइट को मार गिरायेगा। अमेरिका और नाटो देशों की कोशिश थी कि रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे कमजोर कर दिया जाय। किंतु एक साल बीतने पर भी ऐसा नहीं हो सका। रूस पेट्रोलियम उत्पाद का बड़ा केंद्र है। यह यूरोपियन देशों को पेट्रोलियम पदार्थ गैस आदि की आपूर्ति करता रहा है। युद्ध के दौरान उसने भारत और चीन को सस्ते पेट्रोलियम उत्पाद बेचकर अपनी आर्थिक हालत मजबूत बनाये रखी। इसका अमेरिका और नाटो देशों ने विरोध किया। भारत ने तो साफ कर दिया कि वह अपनी जरूरत का सामान उस देश से लेगा, जिससे उसे लाभ होगा। उसके हित सिद्ध होंगे। चीन के बारे में दुनिया जानती है, इसलिए उसने भी किसी की नहीं सुनी। रूस की मजबूती का एक कारण दुनिया के कई देशों को शस्त्रों की आपूर्ति भी है। वह लगातार जारी है। इस युद्ध की सबसे बड़ी बात यह है कि युद्ध रूस की जमीन पर नहीं लड़ा जा रहा। युद्ध यूक्रेन की भूमि पर लड़ा जा रहा है। युद्ध का मैदान बना होने के कारण बर्बाद यूक्रेन हो रहा है, रूस नहीं। रूस ने युद्ध के दौरान भारत को एस 400 मिसाइल डिफैंस सिस्टम की तीसरी यूनिट ही नहीं दी, बल्कि वह पुराने करार के अनुरूप भारत समेत अन्य देशों को शस्त्र दे रहा है। उसके कल कारखाने पहले की तरह की काम कर रहे हैं। अभी रूस और ईरान के बीच 24 सुखोई विमान बेचने का सौदा हुआ है। उधर रूस भारत में सुपर सुखोई सुपर जेट और उसके कलपुर्जे बनाने की बात चला रहा है। रूस भारत का लंबे समय से सच्चा मित्र रहा है।

**यूक्रेन एक छोटा-सा देश है। रूस जैसी महाशक्ति से उसका कोई मुकाबला नहीं। यूक्रेन नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस चाहता था कि यूक्रेन नाटो गठबंधन में शरीक न हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन को रूस का हिस्सा मानते रहे हैं। पुतिन की सदा मंशा रही कि वो रूस को साल 1991 से पहले यानि सोवियत संघ के विघटन से पहले वाले स्वरूप में वापस लेकर आएं।**

■ **अशोक मधुप**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# कर्मवीर सिंह ने बूथ सशक्त करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भाजपा अपनी पार्टी को बूथ स्तर पर काफी मजबूत करना चाहती है। इसी उद्देश्य से शनिवार को रामगढ़ जिला कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में सभी कार्यकताओं को पार्टी के उद्देश्यों और विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सह अभियान संयोजक प्रो. खिरोधर साहू ने किया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन




महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में हुए अपनी जीत के लिए कार्यकताओं को बधाई दी। उन्होंने क्षेत्र के सभी शक्तिकेंद्रों के अल्पकालीन विस्तारकों एवं अभियान के मंडलटोली से परिचय प्राप्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने बूथ सशक्तिकरण के लिए भाजपा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने का आवाह्न किया। सशक्त बूथ का निर्माण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए आगामी सात दिनों तक कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने कहा की 31 सदस्यीय बूथ कमेटी में महिलाओं एवं सभी समाज के व्यक्तियों का समावेश होना चाहिए। उन्होंने कहा की हर बूथ के समूह को केंद्र द्वारा संचालित सरल पोर्टल से भी सभी को तय समय सीमा के अंतर्गत जोड़ा जाना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा सदन में दिए गए 16 पेज के अभिभाषण को पढ़ कर केंद्र के द्वारा गरीब नागरिकों हेतु संचालित योजनाओं की सफलता और आने वाले समय में भारत का विश्व में बढ़ते प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में जिला टोली के सदस्य सह जिला पदाधिकारी राजू चतुवेर्दी, अखिलेश प्रसाद, राजू कुशवाहा, महामंत्री छोटन सिंह के साथ जिला उपाध्यक्ष आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, मंत्री दिलीप सिंह, रमेश वर्मा, राजीव पामदत्त आदि मौजूद थे।

# बंगाली समिति ने किया लंगर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
वर्तमान भागदौड़ की दिनचर्या में लोग इतने व्यस्त हो गये हैं कि कि उन्हें अपने आसपास की सुध लेने की फुर्सत नही है। ऐसे वक्त में भी कुछ संस्थाएं हैं जो अपने निजी स्वार्थ से उपर उठकर जरूरतमंदों की मदद कर मिसाल कायम कर रही हैं। इन्हीं संस्थाओं में से एक है रामगढ़ झारखंड बंगाली समिति। समिति द्वारा सुभाषचंद्र बोस लंगर का आयोजन अगस्त 2022 से प्रत्येक शनिवार को किया जा रहा है। इसी कड़ी में आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली के सौजन्य से शनिवार को लंगर का



आयोजन किया गया। इस संबंध में रामगढ़ झारखंड बंगाली समिति के जिलाध्यक्ष डी सी पोद्दार ने बताया कि लंगर के आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना है। वहीं, लंगर के आयोजनकर्ता धर्मेंद्र साव भोपाली ने इस पहल की सराहना की। मौके पर समिति के जिलाध्यक्ष डीसी पोद्दार ,सचिव सुबोध चौधरी, तरूण बनर्जी, आलोक घोष, पुलक घोष, अर्पण गुहा, महेश चौधरी, सोनाली देवधरिया, सम्पा गुहा, नीलिमा चक्रवर्ती सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## NEWS इन ब्रीफ

### रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र ने लगाई फांसी

**बरही।** बरही के रसोईया धमना स्थित चकूराटांड़ में संचालित रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र रेहान अफसर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता कोनरा पंचायत के साकरी मुहल्ला निवासी छोटी उर्फ मो रेहात ने बताया कि उनका पुत्र शनिवार को आठवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा देने विद्यालय गया था। दोपहर करीब 12.30 बजे विद्यालय से उनके पुत्र को नकल करने के आरोप में परीक्षा से बाहर करने को लेकर उन्हें फोन आया और बुलाया गया। जब वह पहुंचे, तो उनका बच्चा विद्यालय में नहीं था। उन्हें उनके पुत्र के बारे में नकल करने की जानकारी दी गई। जब वह घर आए, तो उनका पुत्र सीढ़ी पर मायूस बैठा था। वह पानी लाने के लिए गए थे। इसी क्रम में उसने फांसी लगा ली। उसे अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत बताया गया।

### मारपीट मामले दो आरोपी धराये, एक की रिहाई दूसरे को जेल

**बरही ।** बीते रात्रि छापेमारी कर पुलिस ने कोनरा निवासी मो समीर पिता मो कुदूस और मो कुदुस अंसारी पिता स्व सदिक मियां को उनके घर से गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों पर जमीन संबंधी व अन्य मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज थी । जो पिछले कई वर्षो से फरार चल रहे थे । छापेमारी दल में इंस्पेक्टर मो समसुद्दीन थाना के सशस्त्र बल शामिल थे । गिरफ्तार दोनो आरोपी में कुदुस अंसारी को माननीय उच्च न्यायालय के स्टे ऑर्डर के कारण छोड़ दिया गया। जबकि मो शमीर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 500 पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद

**बरही ।** करियातपुर पंचायत के सलोन ग्राम से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया है । सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सलोन गांव में एक घर में छिपाकर करीब 500 पेटी विदेशी शराब रखा गया था । यह शराब रांची से अगवा करके लाए जाने की जानकारी मिली है । सूचना मिलते ही पुलिस छापेमारी कर शराब बरामद कर थाना लाने का काम किया है ।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

# 10 लोगों को खिलाई गई दवाइयां

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रामगढ़ जिले में किए गए कार्यों की शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दिनांक 10 फरवरी 2023 से 25 फरवरी 2023 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया। वहीं, जो लोग 25 फरवरी 2023 तक किसी कारणवश



दवाइयां नहीं ले पाए उनके लिए 26 फरवरी 2023 से 4 मार्च 2023 तक माप अप राउंड का आयोजन कर उन्हें फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया। इस दौरान उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पूरे जिले में कुल 9 लाख 47 हजार 494 लोगों/बच्चों एवं 26 फरवरी से 4 मार्च 2023 तक आयोजित मॉप अप राउंड के तहत कुल 90461 लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गई। इस तरह से पूरे जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 97.12% यानी 1037955 लोगों/बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाई गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा इस बार के फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सभी लोगों/बच्चों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने का कार्य किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम, सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत किए गए कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी की सराहना करते हुए इसी तरह से हर अभियान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सभी को निर्देश दिया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ, जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, प्रखंड डाटा प्रबंधकों, सर्विलेंस निरीक्षकों, पीसीआई से जिला समन्वयक सहित अन्य उपस्थित थे।

### हजारीबाग में नौ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात लोगों पर एफआईआर

**हजारीबाग।** जिले में गत 14 मार्च को रामनवमी के पहले मंगलवारी जुलूस के दौरान हुए उपद्रव के मामले में जिला प्रशासन ने नौ के खिलाफ नामजद और 200 अज्ञात लोगों पर सदर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। लोगों ने ये जुलूस सरकार के उस आदेश के खिलाफ निकाला था, जिसमें रामनवमी के अवसर पर रिकॉर्डेड संगीत बजाने और लाठी सहित पारंपरिक हथियार ले जाने पर रोक लगाई गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार जानबूझ कर हिंदू त्योहारों में इस तरह की बाधा डालती है। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष शशिभूषण केसरी पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने प्रशासन और सरकार पर रामनवमी को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल खड़ा किया है कि किसी भी जुलूस-पर्व में धारा-144 लगाने का औचित्य क्या है। जिला प्रशासन का कहना है कि प्रशासनिक आदेश का उल्लंघन करते हुए आंदोलनकारियों ने जुलूस के दौरान रिकॉर्डेड संगीत बजाया और 30 मार्च से शुरू होकर एक अप्रैल को समाप्त होने वाले रामनवमी जुलूस के दौरान भी अशांति पैदा करने की धमकी दी है। एसपी मनोज रतन चोथे ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने प्राथमिकी दर्ज करने का फैसला किया है। त्योहार के दौरान गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

### हजारीबाग में ठनका से महिला की मौत

**हजारीबाग।** जिले के टाटीझरिया में शनिवार दोपहर बाद हल्की वर्षा के बीच हुई आकाशीय बिजली गिरने से मुरुमातू की एक मजदूर महिला की मौत हो गई। बताया गया कि 30 वर्षीय महिला देवंती देवी आम बागवानी में निराई-गुड़ाई कर रही थी। इसी बीच हल्की वर्षा हुई और वज्रपात हुआ, जिससे उसकी मौत हो गई। संतुष्टि के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र टाटीझरिया लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मुखिया सुरेश यादव, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, प्रकाश गांझु और प्रकाश ठाकुर ने मृत मजदूर के घरवाले को आपदा विभाग और मनरेगा से मुआवजा देने की मांग की है।

### किसून यादव बने अध्यक्ष, दी बधाई



**बरही ।** झारखंड राज्य जिला परिषद संघ के गठन को लेकर शनिवार को झारखंड विधानसभा के सभागार में राज्य के सभी जिला परिषद उपाध्यक्ष की बैठक हुई । जिसमे सर्वसम्मति से बरही पूर्वी जिप सदस्य सह हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष मनोनित किया गया । बैठक की अध्यक्षता दुमका जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल ने किया । नव मनोनित अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि जिला परिषद के हक और अधिकार के लिए वह सदैव समर्पित होकर आवाज बुलंद करेंगे । मौके पर जिला परिषद क्षेत्र में आने वाले विकास के कार्यों के क्रियान्वयन पर भी विचार विमर्श किए गए । अध्यक्ष मनोनयन पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, गणेश यादव, भाजपा नेता रितेश गुप्ता आदि सहित कई लोगो ने उन्हें बधाई दिया है ।

### गिरिडीहः सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

गिरिडीह। जमुआ थाना इलाके के धुरेता मोड में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में 45 वर्षीय अजय चौधरी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद जमुआ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार मृतक धनवार के घोषकोडीह गांव का रहने वाला था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अजय चौधरी बुलेट से देर रात अपने घर घोषकोडीह गांव जा रहा था। इसी दौरान एक बोलेरो ने अजय चौधरी के बाइक को टक्कर मार दिया. घटना के बाद जमुआ पुलिस ने घायल को जमुआ रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### हर्ष अजमेरा बने अध्यक्ष

**हजारीबाग।** हजारीबाग में आरोग्यम सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के संचालक हर्ष अजमेरा को चैत्र रामनवमी सांस्कृतिक सेवा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इससे पहले बड़ा अखाड़ा परिसर में महंत विजयनंद दास और भाजपा नेता दीपक नाथ सहाय की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। इसमें चैत्र रामनवमी सांस्कृतिक सेवा समिति का गठन किया गया। बजरंग दल के प्रशांत ठाकुर व हिंदू संघ के अशोक मेहता ने सेवा समिति का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर इस समिति को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को समिति का विस्तार किया जाएगा। वहीं हर घर हनुमान चालीसा का वितरण करना सुनिश्चित किया गया।

# मैराथन दौड़ के साथ सांसद खेल महोत्सव शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। झरिया**
जोरापोखर स्थित जेयलगोरा स्टेडियम में शनिवार 18 मार्च को सांसद खेल महोत्सव मैराथन दौड़ के साथ शुरू हो गया। धनबाद सांसद पी एन सिंह और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने डिगवाडीह स्थित गणेश मैदान से झंडी दिखा कर मोहत्सव की शुरूआत की। दो दिवसीय महोत्सव में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी, बीसीसीएल सीएमडी सिमरन दत्ता, धनबाद सांसद पसुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, धनबाद कार्मिक निदेशक मुलीकृष्ण रमैया,धनबाद जिलापरिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर संस्कृति केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि धनबाद को साइंस पार्क व टैगोर कल्चर कॉम्प्लेक्स मिल सकता है बशर्ते बीसीसीएल व झारखंड सरकार स्वीकृति प्रदान करे। मंच पर मौजूद सभी मुख्य अथितियों ने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। सांसद पी एन सिंह ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। धनबाद जिला भाजपा के नेताओं ने मंच पर मौजूद सभी मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया। भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को बोर्रागढ़ स्थित खेल मैदान को स्वीकृति के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा। साइकिलिंग, कुश्ती, वॉलीबॉल, क्रिकेट,एथलेटिक्स, बुशु, कबड्डी,योगासन जैसे कुल आठ खेल सांसद खेल मोहत्सव में आयोजित होंगे।

### जहर खिलाकर विवाहिता को मारने का आरोप, हंगामा

**हजारीबाग।** हजारीबाग के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित डंडई में पति पर पत्नी को जहर देकर मारने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि महिला ने तीन बेटियों को जन्म दिया, इसलिए पति नाराज था। मृतका भारती देवी का मायके अमनारी में है। उसकी शादी वर्ष 2014 में डंडई के सुजीत उर्फ मुन्ना साव के साथ हुई थी। इस संबंध में मृतका के मायकेवालों ने बताया कि भारती के पति, सास, ससुर, देवर और ननद ने मिलकर शुक्रवार की शाम उसे जहर खिला दिया। मरने के बाद उसका शव खेत में फेंक दिया। फिर उन लोगों को सूचना देकर कहा गया कि भारती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। उसके बाद उसे अस्पताल लाकर भर्ती कर दिया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया। घटना की सूचना मिलते ही अमनारी गांव से सैकड़ों महिला-पुरुष सदर अस्पताल पहुंचे और घंटों हंगामा किया। परिजनों का कहना था कि जिस व्यक्ति ने भर्ती किया था, उसे ही मृतका का शव दो। लेकिन वहां मृतका के ससुराल पक्ष से एक भी व्यक्ति नहीं था। सदर अस्पताल में हंगामे का वीडियो बना रहे एक युवक की मृतका के परिजनों ने जमकर धुनाई कर दी। युवक को लात, घूंसे, चप्पल आदि से खूब पीटा गया. इस संबंध में महिलाओं ने बताया कि वीडियो बना रहा युवक लड़का पक्ष से आया था और कौन क्या बोलता है, वह उन लोगों पर नजर रखे हुए था।

# चौपारण में लगा कैश क्रेडिट लिंकेज शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
चौपारण प्रखंड कार्यालय सभागार में जेएसएलपीएस की ओर से एक दिवसीय कैश क्रेडिट लिंकेज सह ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि आंचलिक प्रबंधक वीवीके किशोर, उप प्रमुख प्रीति कुमारी, एलडीएम सुधाकर पांडेय, कृषि पदाधिकारी मधु मिश्रा, डीएमएफआई श्रुति किस्फोटा, बैंक ऑफ इंडिया चौपारण शाखा प्रबंधक सुनील कुमार और दादपुर शाखा प्रबंधक पंकज शर्मा, बीपीएम मुकेश करमाली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का उदघाटन किया। शिविर में जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को अपने आजीविका को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के लिए बैंक ऑफ इंडिया शाखा चौपारण से 60 लाख रुपए से 17 स्वयं सहायता समूह और दादपुर से 55 लाख रुपए से 15 स्वयं सहायता समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया। अपने संबोधन में उप प्रमुख प्रीति कुमारी ने कहा कि जेएसएलपीएस ही एक ऐसा माध्यम है, जिसकी बदौलत आज महिलाएं सशक्त हो रही हैं। आंचलिक प्रबंधक वीवीके किशोर ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया जिले का अग्रणी बैंक है। आप सभी बैंक से जुड़ें और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपना रोजगार करते हुए समय पर ऋण वापस करें। शिविर में जेएसएलपीएस बीपीओएफआई शेखर पांडेय, सीसी नर्मदा देवी, शिल्पी देवी, बैंक सखी सोनी देवी सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं।

**मिलीभगत** — गिरिडीह में कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ

# पुलिस कार्रवाई में सीसीएल नहीं दे रही साथ

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
कोयले के अवैध कारोबार के खिलाफ हो रही पुलिस कार्रवाई में सीसीएल का सुरक्षा विभाग सहयोग नही कर रहा है। सीसीएल का सुरक्षा विभाग जब्त कोयले की सही जानकारी भी पुलिस के साथ साझा करने से कतरा रहा है। इसकी बानगी शनिवार को देखने को मिली, जब मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान गुप्त सूचना पर ओपन कास्ट के सती घाट स्थित अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई में सहयोग के लिए सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी को बुलाया, तो करीब डेढ़ घंटे की देरी के बाद सुरक्षा अधिकारी नुकुल नायक मौके पर पहुंचे। इस दौरान दोनो अधिकारियों ने सतीघाट और मंडाडीह के रास्ते अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू किया। इस दौरान करीब दस ट्रैक्टर से अधिक कोयला मौके से जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान परियोजना अधिकारी और ओपन कास्ट के मैनेजर भी मौजूद रहे। दो घंटे तक चली कार्रवाई को लेकर जब सुरक्षा अधिकारी नुकुल नायक से पूछा गया तो उन्होंने केवल एक से दो ट्रैक्टर कोयला जब्त करने की बात कही। तो वहीं ओपन कास्ट मैनेजर ने जब्त कोयले की जानकारी देने से इंकार कर दिया। हालांकि मुफ्फसिल थाना प्रभारी ने संकेतों में साफ तौर पर कहा



कि जिस तरह की कार्रवाई हुई है, उसके अनुसार 9 से 10 ट्रैक्टर कोयला जब्त होना चाहिए। क्योंकि तस्करों से जितना कोयला जब्त हुआ है वो करीब 8 से 10 ट्रैक्टर था। मामले में जब परियोजना पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास हुआ, तो उनका नंबर बंद पाया गया। जाहिर है कि सती घाट इलाके में कोयला तस्करों के साथ सीसीएल के सुरक्षा विभाग की मिलीभगत है।

# कैथा में बननेवाले अक्षय पात्र किचन का ग्रामीणों ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 कैथा में अक्षय पात्र किचन निर्माण का विरोध में ग्रामीणों ने शुरू कर दिया है। शनिवार को कैथा, हुहुआ, पारडीह, कोठार और गोवरदहा के ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में शामिल वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि कैथा के खाता संख्या -84, प्लॉट संख्या -900 पर पूर्व में बस पड़ाव निर्माण कार्य प्रस्तावित था। लेकिन अब अक्षय पात्र किचन निर्माण कार्य आरंभ किया जा रहा है। हम ग्रामीण इस निर्माण कार्य का विरोध करते हैं। वहीं पार्षद रौशन महतो ने कहा कि बस पड़ाव निर्माण होने से यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी।



लोग रोजगार से जुड़ेंगे। राजेश महतो ने कहा कि बस पड़ाव निर्माण की मांग ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण होने के साथ ही कर रहे हैं। इस बाबत रामगढ़ उपायुक्त, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन भी दिया है। ग्रामीण राजेंद्र महतो ने कहा कि हम ग्रामीण निरंतर बस पड़ाव निर्माण कार्य को लेकर प्रयासरत रहे हैं। पूर्व में उक्त स्थल पर बस पड़ाव निर्माण कार्य को लेकर प्रक्रिया आरंभ भी हुई। किंतु अब उक्त स्थल पर किचन निर्माण की बात सामने आना आश्चर्यजनक है। ग्रामीणों में इस बात का रोष व्याप्त है। विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से संजय करमाली महेंद्र चौधरी, डिया महतो, कैलाश महतो, प्रदीप महतो, दिलीप कुमार, नागेंद्र महतो, रितु महतो, मुनेश्वर रविदास, भुनेश्वर महतो आदि शामिल थे।

# विलियम्सन, निकोल्स के दोहरे शतक, न्यूजीलैंड 554 रन से आगे

वेलिंगटन, न्यूजीलैंड ने केन विलियम्सन (215) और हेनरी निकोल्स (200 नाबाद) के दोहरे शतकों की बदौलत श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में शनिवार को 580 रन का स्कोर खड़ा करके मुकाबले को अपनी गिरफ्त में कर लिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने से पहले 26 रन पर दो विकेट गंवा दिये और उस पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप होने का संकट मंडरा रहा है।



पहले टेस्ट में मैच-जिताऊ शतक जड़ने वाले विलियम्सन ने यहां भी अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए 296 गेंद पर 23 चौकों और दो छक्कों के साथ 215 रन बनाये। निकोल्स ने उनका साथ दिया और न्यूजीलैंड की पारी घोषित होने पर 200 रन बनाकर नाबाद रहे। निकोल्स ने 240 गेंद की पारी में 15 चौके और चार छक्के जड़े।

न्यूजीलैंड ने दिन की शुरूआत 155/2 से की और विलियम्सन ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए अटूट धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने बिना कोई जोखिम लिये अपना 28वां टेस्ट शतक जड़ा और फिर उसे छठे दोहरे शतक में तब्दील किया।

विलियम्सन और निकोल्स ने तीसरे विकेट के लिये 363 रन की विशाल साझेदारी की जिसने श्रीलंका को मुकाबले में बेहद पीछे धकेल दिया। विलियम्सन का विकेट गिरने के बाद निकोल्स ने डैरिल मिचेल के साथ 49 जबकि ब्लंडेल के साथ 50 रन की साझेदारी की। मिचेल ने 12 गेंद पर 17 रन बनाये जबकि ब्लंडेल 17 गेंद पर 17 रन बनाकर नाबाद रहे। निकोल्स ने 240वीं गेंद पर दोहरा शतक पूरा किया जिसके बाद न्यूजीलैंड ने 580/4 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

श्रीलंकाई गेंदबाज जहां टॉस जीतकर भी पिच का उपयुक्त प्रयोग नहीं कर पा रहे थे, वहीं न्यूजीलैंड ने दिन का खेल खत्म होने से पहले दो विकेट चटकाकर विपक्षी टीम की मुसीबतें बढ़ा दीं।

मैट हेनरी ने ब्लैक कैप्स को पहली सफलता दिलाते हुए ओशाडा फर्नांडिस (छह रन) को विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैचआउट करवाया, जबकि सात साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे डग ब्रेसवेल ने कुसल मेंडिस को शून्य रन के स्कोर पर चलता किया। दिन का खेल खत्म होने पर डिमुथ करुणारत्ने (16 नाबाद) और नाइट वॉचमैन प्रभात जयसूर्या (चार नाबाद) क्रीज पर मौजूद अविजित पवेलियन लौटे।

# लीवा ने दिल की बीमारी के बाद लिया संन्यास


**एजेंसी। पोर्तो एलेग्रे**



ब्राजील, लिवरपूल और लाज़ियो के पूर्व मिडफील्डर 36 वर्षीय लुकास लीवा ने नियमित चिकित्सा परीक्षणों में दिल की बीमारी का पता लगने के बाद शुक्रवार को फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने ब्राजील के क्लब ग्रेमियो में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने 2005 में इस क्लब से अपने करियर की शुरूआत की थी और यहीं उनका फुटबॉल सफर समाप्त हुआ। लीवा ने 2007 से 2017 के बीच लिवरपूल का प्रतिनिधित्व किया और वह 2012 में इंग्लिश प्रीमियर लीग जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे थे। वह पांच सीजन के लिये लाज़ियो में शामिल हुए और 2019 में इटालियन कप जीता। रक्षात्मक मिडफील्डर पिछले साल ग्रेमियो में लौट आये थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला



**इंडियन वेल्स।** विश्व की नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पिछले वर्ष की उपविजेता मारिया सकारी को 6-2, 6-3 से हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सबालेंका का फाइनल में मौजूदा विम्बलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना से मुकाबला होगा जिन्होंने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वीयाटेक को शुक्रवार को सेमीफाइनल में 6-2, 6-2 से पराजित किया। सातवीं सीड सकारी ने सबालेंका को पिछले दो मुकाबलों में हराया था लेकिन सबालेंका ने उनका बदला चुकाते हुए एक घंटे 23 मिनट में जीत हासिल की और सकारी के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 5-3 पहुंचा दिया। सबालेंका का इस सत्र में 17-1 का रिकॉर्ड हो गया है। उन्होंने इस वर्ष अपने 18 मैचों में केवल पांच सेट गंवाए हैं। फाइनल में जीत सबालेंका को 2023 में तीन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बना देगी।

### चार्लस्टन ओपन से टेनिस में वापसी करेंगी स्वितोलिना



**चार्लस्टन।** विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी एलीना स्वितोलिना एक से नौ अप्रैल तक होने वाले चार्लस्टन ओपन के साथ टेनिस में वापसी करेंगी। स्वितोलिना ने मुख्य ड्रा के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। वह इस डब्लूटीए 500 इवेंट में पांच अन्य टॉप 10 खिलाड़ियों के साथ जुड़ेंगी। स्वितोलिना आखिरी बार एक वर्ष पहले मियामी में खेली थीं। उन्होंने अपने पहले बच्चे को जन्म देने के लिए टेनिस से ब्रेक ले लिया था। उनके पति टेनिस खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स हैं। उन्होंने अक्टूबर में बेटी स्काई को जन्म दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रेनिंग में लौटने की जानकारी दी थी।

# वनडे सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

### विशाखापट्टनम में आज खेला जाएगा दूसरा वनडे

### रोहित की वापसी से मिलेगी मजबूती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में खेले जाने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच को जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी। भारतीय टीम के लिए राहत की बात यह है कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा मुंबई में शुरूआती मैच से चूकने के बाद टीम की अगुआई करने के लिए वापसी करेंगे। रोहित की अनुपस्थिति में, हार्दिक पांड्या ने



पहले एकदिवसीय मैच में टीम की कप्तानी की और वानखेड़े स्टेडियम में कम स्कोर वाले मैच में टीम को पांच विकेट से जीत दिलाई।

मुंबई में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने वानखेड़े की पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। लेकिन कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। हालांकि, टीम प्रबंधन को गेंदबाजी लाइन-अप के साथ छेड़छाड़ की उम्मीद नहीं है, पांड्या मुंबई में पूर्णता के लिए तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभा रहे हैं।

दूसरे एकदिनी के लिए मौसम का पूवार्नुमान कम से कम पहली छमाही में बिखरी हुई आंधी का है, जिसका अर्थ यह भी है कि अगर हवाएं चलती हैं तो दोनों तरफ से तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग करा सकते हैं।

#### दोनों टीमें इस प्रकार है

**भारत**: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, लोकेश राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जयदेव उनादकट।

**ऑस्ट्रेलिया**: डेविड वार्नर, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, मार्कस स्टोइनिस, एलेक्स केरी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, मिशेल स्टॉर्क, नाथन एलिस, एडम जाम्पा।

# केएल राहुल ने चयनकर्ताओं को चकित कर दिया है: रवि शास्त्री

**एजेंसी। मुंबई**

पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अपनी मैच विजयी पारी से चयनकताओं को जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऑस्ट्रेलिया को पहले वनडे में शुक्रवार को 188 रन पर आउट करने के बाद भारत 19.2 ओवर में 83 रन पर पांच विकेट गंवा कर संकट में नजर आ रहा था लेकिन राहुल ने नाबाद 75 रन की संयमित पारी खेलकर भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचाया। राहुल ने रवींद्र जडेजा (नाबाद 45) के साथ छठे विकेट के लिए 108 रन की अविजित साझेदारी की।



यह पहली बार नहीं है जब राहुल ने वनडे में भारत के लिए संकटमोचक पारी खेली है। जनवरी 2023 में कोलकाता में भारत श्रीलंका के खिलाफ 216 रन का पीछा करते हुए 86 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में दिखाई दे रहा था लेकिन राहुल ने दबाव की परिस्थितियों में नाबाद 64 रन की बेहतरीन पारी खेली और भारत को सीरीज जीत दिला दी।

शास्त्री ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा,उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले चयनकताओं को आकर्षित किया है। दो चीजें, एक जब रोहित शर्मा वनडे सीरीज के लिए लौटेंगे और दूसरा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए, जहां भारत अपनी बल्लेबाजी मजबूत कर सकता है यदि राहुल विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालते हैं।

वनडे सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में राहुल ने नागपुर और दिल्ली में पहले दो टेस्टों में ओपनिंग की थी लेकिन सस्ते में आउट हुए थे जिससे उन्हें इंदौर और अहमदाबाद में अगले दो टेस्टों में टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने अपनी उपकप्तानी भी गंवा दी थी।

शास्त्री ने कहा, राहुल मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी संभाल सकते हैं।

# खेलो इंडिया दस का दम महिला क्रॉस कंट्री दौड़ आज

### अंडर 18 के महिला के लिए 3 किलो मीटर

### ओपन महिला के लिए 5 किलो मीटर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय खेल प्राधिकरण एवम झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः 7:30 बजे बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम,मेगा स्पोर्टस कांप्लेक्स होटवार, रांची मुख्य गेट से खेलो इंडिया 10 का दम खेलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु महिला 18 वर्ष से कम उम्र के महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर एवम 18 वर्ष से उपर ओपन वर्ग की महिलाओं के लिए 5 किलो मीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रांची जिला की कोई भी महिला भाग लेगी। 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को जन्म प्रमाण पत्र प्रमाणित करने के लिए केवल आधार कार्ड लाना होगा। सभी इच्छुक महिला एवं बालिका प्रतिभागी होटवार में सुबह 7 बजे तक रिपोर्ट करे। श्री समरी लाल कांके विद्यायक एवं श्रीमति लवली चौबे कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडल मुख्य अतिथि होंगे।

# 'टुम टुम' गाने पर थिरकते नजर आए गावस्कर-कार्तिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जब सोशल मीडिया की बात आती है तो भारतीय क्रिकेटर अक्सर इस प्लेटफॉर्म पर छाए रहते हैं। भारतीय क्रिकेटरों में से शिखर धवन, युजवेंद्र चहल, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी सोशल मीडिया पर हमेशा ट्रेंड करते रहते हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक तमिल गाना 'टुम टुम' काफी वायरल हो रहा है और कोई भी सोशल मीडिया पर वायरल गाने पर भारतीय क्रिकेटर अपना अनोखा ट्विस्ट ना दें, ऐसा कैसे हो सकता है। इस गाने को महान बल्लेबाज सुनिल गावस्कर और दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट का ट्विस्ट दिया है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये वीडियो शेयर किया है। इसमें दिनेश कार्तिक टी20 अंदाज में छक्के लगाने का इशारा कर रहे हैं, जबकि सुनिल गावस्कर टेस्ट अंदाज में ड्राइव लगाकर चौके बटौरने का इशारा कर रहे हैं। इन दोनों दिग्गज क्रिकेटरों का यह अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। दिनेश कार्तिक ने इस वीडियो के कैप्शन लिखा है, टी20 या टेस्ट, आप कौनसी साइड पर हैं? गौरतलब है कि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अपनी खराब फॉर्म के चलते भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं।



**पीएसएल : शाहिद अफरीदी के दामाद का जलवा**

# बाबर को पछाड़ खेली यादगार पारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2023 के एलिमिनेटर 2 मुकाबले में पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के दामाद शाहीन अफरीदी का जलवा देखने को मिला। दरअसल, लाहौर कलंदर्स की कप्तानी कर रहे तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने शानदार पारी खेल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की रेस में पछाड़ दिया है। पीएसएल के 8वें सीजन के दूसरे क्वालीफायर में कलंदर्स का सामना पेशावर जाल्मी के साथ लाहौर में हुआ, जहां कलंदर्स को शाहीन अफरीदी ने छक्का लगाकर 4 विकेट से जीत दिलाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। टॉस जीतकर



पेशावर जाल्मी ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में कुल 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। मोहम्मद हारिस ने 54 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 85 रन बनाए।

जवाब में उतरी कलंदर्स की टीम ने लक्ष्य 7 गेंद शेष रहते ही हासिल किया। जीत का शॉट शाहीन के बल्ले से निकला, जिन्होंने 19वें ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाा, फिर अगली ही गेंद पर छक्का लगाते हुए टीम को जीत दिला दी।

# न्यूजीलैंड की वनडे टीम में ब्रेसवेल की जगह लेंगे रवींद्र

**एजेंसी। वेलिंगटन**

लेफ्ट आर्म स्पिन आलराउंडर रचिन रवींद्र को ऑफ स्पिन आलराउंडर माइकल ब्रेसवेल की जगह न्यूजीलैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड को श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेलनी हैं। न्यूजीलैंड के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला माइकल ब्रेसवेल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल विल जैक्स की जगह चुना है। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम में ब्रेसवेल की जगह रचिन रवींद्र को बुलाया गया है।

रवींद्र बुधवार को आकलैंड में वनडे टीम के साथ जुड़ेंगे। वनडे सीरीज का पहला मैच 25 मार्च को ईडन पार्क में खेला जाएगा। रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए छह टी20 और



तीन टेस्ट खेले हैं लेकिन वनडे में वह अभी तक नहीं खेल पाए हैं। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए सात टेस्ट, 19 वनडे और 16 टी20आई खेले हैं। 117 टी20 मैचों में उनके नाम 133 के स्ट्राइक रेट से 2284 रन है, वहीं 6.52 की इकॉनमी से उनके नाम 40 विकेट भी हैं। बेंगलुरु का पहला मैच दो अप्रैल को मुंबई इंडियंस से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में है।

# सीएसके की निगाहें 'मेजर लीग क्रिकेट' की टेक्सास टीम में हिस्सेदारी पर, जल्द होगी घोषणा

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की छह टीमों में से एक टेक्सास टीम में हिस्सेदारी हासिल करने पर नजर लगाए है। चार बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेता टीम सीएसके ने शनिवार को खुलासा किया कि वे अमरीका में नए टी20 टूर्नामेंट के साथ अपने जुड़ाव के संबंध में 'बड़ी घोषणा' जल्द ही करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल 13 जुलाई से शुरू होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। ये टीमें सैन फ्रांसस्को यूनिकार्न्स, लास एंजिल्स, न्यूयार्क, सीटल ओरकास, टेक्सास और वाशिंगटन डीसी हैं। एमएलसी ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि एक और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स 'विश्व स्तरीय क्रिकेट टीम बनाने और संचालित करने में मदद' के लिए सीटल ओरकास के साथ भागीदारी करेगी।

**टूर्नामेंट** | **महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023**

# प्रीति, नीतू व मंजू प्री क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाज प्रीति ने सभी बाधाओं को पार करते हुए एक रोमांचक मुकाबले में 2022 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लैकरमियोरा पेरिजोक को हरा दिया, जबकि नीतू घणघस और मंजू बम्बोरिया ने भी यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर में जारी महिंद्रा आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 में शनिवार को शानदार जीत हासिल कर ली।

2022 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली धाकड़ मुक्केबाज प्रीति (54 किग्रा) ने इस टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज



की। उन्होंने रिव्यू के बाद रोमानिया की पेरिजोक को 4-3 से मात दी। हरियाणा की इस मुक्केबाज ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को चौंकाते हुए पहले राउंड में मजबूत शुरूआत की। हालांकि सतर्क शुरूआत के बाद पेरिजोक ने दूसरे राउंड में शानदार वापसी की और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। इसके बाद प्रीति की तकनीकी क्षमता और ध्ढ़ विश्वास ने उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वी पर काबू पाने में मदद की और उन्होंने शानदार जीत हासिल की। अंतिम-16 में अब इस भारतीय मुक्केबाज का सामना पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप की एक और रजत पदक विजेता थाईलैंड की जुटामास जिटपोंग से होगा।

वहीं, 48 किग्रा वर्ग में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन नीतू घणघस ने पहले दौर में ही आरएससी के माध्यम से जीत दर्ज की। उन्होंने दक्षिण कोरिया की कांग डो-योन को आसानी से हरा दिया। 22 वर्षीय मुक्केबाज की आक्रमण क्षमता कोरियाई मुक्केबाज के खिलाफ बेहद मजबूत साबित हुई। नीतू ने शुरू से ही अपने विरोधी को जमने का एक भी मौका नहीं दिया। नीतू लगातार अटैक कर रही थी और रुकने का नाम नहीं ले रही थी, इस वजह से रेफरी ने पहले दौर में बाउट रोक दी और भारतीय खिलाड़ी को टूर्नामेंट की पहली जीत सौंप दी। अगले दौर में अब नीतू का सामना ताजिकिस्तान की सुमैया कोसिमोवा से होगा।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

## करौली माता मंदिर जा रहे 17 श्रद्धालु चंबल नदी में डूबे

**चिलाचौंद (मप्र)।** मध्य प्रदेश के चिलाचौंद क्षेत्र से श्रद्धालुओं के एक जत्थे के 17 लोग कैला देवी के दर्शन के क्रम में चंबल नदी में डूब गए। घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ये घटना करौली जिले के मंडरायल थाना इलाके के रोधई घाट क्षेत्र बताई जा रही है। राजस्थान के करौली जिले के मंडरायलथाना क्षेत्र के रोधई घाट के पास चंबल नदी में 17 श्रद्धालुओं डूब गए। बताया जा रहा है की सभी श्रद्धालु मध्य प्रदेश के चिलाचौन्द क्षेत्र से केलादेवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेसक्यू ऑपरेशन चलाकर तीन शवों को बाहर निकाल लिया है। अभी 5 लोग लापता बताए जा रहे हैं।

## ईडी ने तृणमूल के निष्कासित नेता की दो संपत्तियों पर की छापेमारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो टीमें शनिवार सुबह से तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता शांतनु बंदोपाध्याय की दो संपत्तियों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं। ईडी की पहली टीम हुगली जिले के बंदेल में निवेदिता पार्क इलाके में बंदोपाध्याय की पत्नी प्रियंका बंदोपाध्याय के आवास पर पहुंची। चूंकि घर बाहर से बंद था, इसलिए केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को आवास में प्रवेश करने के लिए ताला तोड़ना पड़ा।

## मान सरकार ने जेलों को बना दिया है अपराधियों का अघोषित दफ्तर : भाजपा

**नई दिल्ली।** पंजाब की जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दूसरे इंटरव्यू के बाद राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया है कि भगवंत मान सरकार ने पंजाब की जेलों को अपराधियों का अघोषित दफ्तर और स्टूडियो बना दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने पंजाब की आम आदमी सरकार को फेल करार देते हुए कहा है कि भगवंत मान सरकार में पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

# उत्तर प्रदेश : हड़ताली 650 बिजली कर्मचारी बर्खास्त

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

यूपी में विद्युतकर्मियों की हड़ताल पर हाईकोर्ट के सख्त होने के बाद अब यूपी सरकार ने भी कड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने 650 आउटसोर्सिंग संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त कर दी। साथ ही कर्मचारी उपस्थित नहीं करा पाने पर 7 एजेंसियों पर केस दर्ज किया गया है। वहीं काम नहीं करने वालों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिन एजेंसियों पर एफआइआर हुई है उन्हें प्रतिबंधित भी किया गया है। अब भविष्य में निगम में ये एजेंसिया काम नहीं कर सकेंगी। इससे पहले बिजली आपूर्ति बाधित नहीं करने के पूर्व के आदेश के बावजूद प्रदेश के बिजली विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने को गंभीरता से लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विभाग के कर्मचारी यूनियन नेताओं के खिलाफ शुक्रवार को



अवमानना की कार्रवाई शुरू की। अदालत ने इन नेताओं को जमानती वारंट जारी किया और उन्हें 20 मार्च 2023 को अदालत के समक्ष पेश होने को कहा। इस बीच, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने उच्चर न्यायालय के आदेशों का हवाला देकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे समेत विभिन्न संगठनों के कुल 18 पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर तत्काल हड़ताल वापस लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने निर्देश दिया कि इस मामले में आपात स्थिति को देखते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ द्वारा जमानती वारंट जारी किया जाता है और उन्हें इस अदालत में 20 मार्च 2023 को सुबह 10 बजे पेश होना आवश्यक है। अदालत ने यह निर्देश भी दिया कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दोषी अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई की जाए ताकि इस अदालत द्वारा छह दिसंबर 2022 को पारित आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके जिसमें निर्देश दिया गया था कि राज्य में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इस मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च तय करते हुए अदालत ने राज्य सरकार को तब तक इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी देने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव तब तक एक हलफनामा प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्देश पारित करते हुए अदालत ने कहा, जो कुछ भी हमारे समक्ष प्रस्तुत किया गया है, उसे देखकर लगता है कि एक गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई है जिस पर तत्काल ध्यान दिए जाने की जरूरत है। भले ही इन कर्मचारियों की मांग में दम है, तब भी पूरे राज्य को बाधा में नहीं डाला जा सकता।

## रतन टाटा की एक और उपलब्धि, 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' में नियुक्त

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के गवर्नर जनरल ने घोषणा की है कि भारत के शीर्ष उद्योगपति अरतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और परोपकार के लिए विशिष्ट सेवा के लिए 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' में नियुक्त किया गया है। 2022 तक, टाटा संस के चेयरमैन एमेरिटस और टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रतन टाटा की कुल संपत्ति 3800 करोड़ रुपये है। गवर्नर जनरल के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों के लिए उनके समर्थन की मान्यता में, वह ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया (एओ) के जनरल डिवीजन में मानद अधिकारी के रूप में नियुक्ति के साथ औपचारिक राष्ट्रीय मान्यता के योग्य हैं। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ'फारेल ने शुक्रवार को ट्वीट किया- ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और परोपकार के लिए विशिष्ट सेवा के लिए श्री रतन टाटा को ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया (एओ) में एक मानद अधिकारी नियुक्त करने की ऑस्ट्रेलियाई गवर्नर-जनरल की घोषणा पर खुशी हुई।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला : पटियाला हाउस कोर्ट ने लगाई फटकार

# कोई भी आरोपी जज पर कमेंट नहीं कर सकता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर को पटियाला हाउस कोर्ट ने फटकार लगाई है। सुकेश चंद्रशेखर ने कोर्ट याचिका दाखिल कर केस दूसरे जज के पास ट्रांसफर करने की मांग की थी। सुकेश ने जज पर पक्षपात का आरोप लगाया था। याचिका पर पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा पीठासीन अधिकारी के खिलाफ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इसके साथ ही अदालत ने सुकेश चंद्रशेखर की हिरासत 31 मार्च तक के लिए बढ़ा दी।

शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट में 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिकायतकर्ता की जपना सिंह की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि उसे सुकेश की एक पत्र याचिका मिली है। कोर्ट ने सुकेश द्वारा याचिका दाखिल करने पर नाराजगी जताई और याचिका की मंशा पर भी सवाल उठाया।



### 'जब राहत मिलती है तो कोर्ट अच्छा'

कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा कि जब आपको जब आपको राहत मिलती है तब कोर्ट अच्छा है, जब राहत नहीं मिलती है तो कोर्ट बायस्ड है। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि याचिका आधारहीन है। वो सुकेश की याचिका पर सुनवाई नहीं करेगा। जज ने कहा कि पीठासीन अधिकारी पर जो टिप्पणी की गई, वह बर्दाश्त नहीं की जा सकती। आरोपी को जज पर टिप्पणी का अधिकार नहीं है। पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा याचिका की डिटेल में नहीं जाएगा।

बिहार सरकार का मुस्लिम कर्मचारियों को तोहफा

# 1 घंटे पहले दफ्तर आने-जाने की राहत

**एजेंसी। पटना**

एआईएमआईएम के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी के सीमांचल दौरे के बीच नीतीश कुमार की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को रमजान में कार्यालय आने और जाने को लेकर राहत दी है। हालांकि इस आदेश के बाद सियासत भी शुरू हो गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर कहा कि सरकार द्वारा मुस्लिम कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की सुविधा के मद्देनजर रमजान की अवधि के लिए निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व कार्यालय आने तथा निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व कार्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है। आदेश में यह भी कहा गया है कि यह आदेश स्थायी रूप से प्रत्येक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा। बिहार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से यह आदेश सभी विभागों, उनके अध्यक्षों, पुलिस महानिदेशक, आयुक्तों और जिले के अधिकारियों को भेजा गया है। यह आदेश संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों पर भी लागू होगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि जहां बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू है, वहां भी इसी आदेश के हिसाब से उनकी हाजिरी लगेगी यानी मुस्लिम कर्मचारी एक घंटे पहले अटेंडेंस लगा सकेंगे।

## नए भारत में मदरसों की जरूरत नहीं : हिमंत बिस्वा सरमा

**बेलगावी (कर्नाटक)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक के बेलगावी में जनता को संबोधित करते हुए मदरसों को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि वह अपने राज्य में सभी मदरसों को बंद करने का प्लान बना रहे हैं क्योंकि नए भारत में ऐसी किसी भी धार्मिक शिक्षा की कोई जरूरत नहीं है। दरअसल, बेलगावी में छत्रपति शिवाजी पर एक लाइट-एंड-साउंड शो के उद्घाटन के मौके पर सरमा ने कहा कि असम को राज्य और देश की सेवा के लिए डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की जरूरत है। बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले साल लगभग 600 राज्य संचालित मदरसों को बंद कर दिया है।

# तेजस्वी ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से सवाल किया कि पीएमओ का अधिकारी बनकर रहने वाला किरण पटेल को जेड प्लस सुरक्षा कैसे मिली और वह 4 महीने तक जम्मू-कश्मीर में घूमता रहा। उन्होंने कहा कि ठग किरण पटेल खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में पास करके उरी सेक्टर में सैन्य चौकियों पर गए और उन्हें पूर्ण सरकारी प्रोटोकॉल



दिए गए। तेजस्वी यादव ने कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ खड़े किरण पटेल की एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने कहा, किरण पटेल और अमित शाह के बीच क्या संबंध है? उन्होंने सरकार से जेड प्लस सुरक्षा कैसे प्राप्त की और कैसे वह पीएमओ में विशेष सचिव बने। यह एक गंभीर सुरक्षा चूक है और नरेंद्र मोदी सरकार को इसका जवाब देने की जरूरत है। तेजस्वी यादव ने दावा किया, नरेंद्र मोदी सरकार ने सभी केंद्रीय एजेंसियों को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए भेजा है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को इसका ध्यान रखना है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि किरण भाई पटेल ने गोपनीय और वर्गीकृत जानकारी प्राप्त की जो राष्ट्र के लिए एक गंभीर खतरा है।

# सरकार में प्रतिनियुक्ति के लिए ना बोलना आईपीएस को पड़ेगा महंगा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केन्द्र सरकार ने आईपीएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आने में की जा रही आनाकानी या कतराने या किसी बहाने नहीं आने की बढ़ती प्रवृति पर अंकुश लगाने की ठान ली है। केंद्र ने 'अखिल भारतीयसेवा' नियमों में संशोधन भी किया था। उसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार, आईएएस व आईपीएस अधिकारी को राज्य की अनुमति या बिना अनुमति के भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बुला सकती है। आईपीएस अधिकारियों कीकेंद्रीय प्रतिनियुक्ति 'आईपीएस कार्यकाल नीति' के अंतर्गत शासित होती है। उक्त नीति के पैरा-17 के अनुसार, कोई अधिकारी, जिसे केंद्र सरकार के तहत किसी पद पर नियुक्ति के लिए अनुमोदित किया जाता है। यदि कोईआईपीएस अपनी नियुक्ति लेने में विफल रहता है, तो उसे पांच वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति और विदेश में नियुक्ति से वंचित कर दिया जाएगा।

मालूम हो कि कई ऐसे आईएएस, आईपीएस अफसर जो किसी राज्य के मुख्यमंत्री के चहेते हैं, राज्य में पावरफुल पद पर हैं, वे प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में नहीं आना चाहते। यदि मुख्यमंत्री केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी का नहीं होतो कई बार यह भी आरोप लगता है कि मुख्यमंत्री विपक्षी दल का होने के कारण उसके विश्वासपात्र अफसर को केन्द्र सरकार प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली लाना चाहती है। ताकि राज्य के अफसरों में केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी कीधमक बने। वे राज्य सरकार के होकर नहीं रहें। जैसे प.बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कई विश्वासपात्र अफसरों के साथ हुआ था। उनमें कुछ अफसर केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर नहीं गये। बाद में इस्तीफा दे दिया। लेकिन इसकेअलावा भी हालत यह है कि प्रतिनियुक्ति आने वाले 'आईपीएस' अफसरों का तय कोटा भर नहीं पा रहा है।




## अलाना पांडे की शादी में जमकर नाचे शाहरुख और गौरी

**अलाना** पांडे ने गुरुवार को मुंबई में परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में इवोर मैकक्रे से शादी की। अभिनेता शाहरुख खान और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान जैसे कई सेलेब्स अलाना की शादी में शामिल हुए। अलाना चंकी



पांडे के भाई चिक्की पांडे और पत्नी डीन पांडे की बेटी हैं। सेलिब्रेशन के एक वीडियो में शाहरुख और गौरी डीन के साथ डांस फ्लोर पर नजर आ रहे हैं। तीनों ने एक साथ एपी ढिल्लों के गाने पर डांस किया। सफेद शर्ट के साथ काले रंग का सूट पहने शाहरुख ने गौरी खान का हाथ पकड़ रखा था क्योंकि वे गोल्डन गाउन पहने डीन के साथ डांस करने आए थे। गौरी को गुरुवार को अलाना पांडे और इवोर मैक्रे की शादी के लिए हरे रंग की पोशाक में सजाया गया था।

## सोनाली कुलकर्णी के बयान पर भड़की उर्फी जावेद, कही यह बात



**टीवी** अभिनेत्री उर्फी जावेद हमेशा अपने बयानों के लिए चर्चा में रहती हैं। इसी बीच उर्फी जावेद अब फिर अपने नए बयान से चर्चा में आ गई हैं। एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी के हालिया वीडियो पर उर्फी जावेद ने अपना रिएक्शन देते हुए कहा है कि लड़कियों को मांगने का अधिकार है। सोनाली कुलकर्णी का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस लड़कियों के बढ़ते डिमांडिंग नेचर और लड़कों पर बढ़ते दबाव के बारे में बात करती हैं। इस वीडियो पर उर्फी ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी ने कहा कि लड़कियों को मांग करने का अधिकार है। सोनाली कुलकर्णी के वीडियो को एक तरफ जहां कई लोग सपोर्ट कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सोनाली को खूब ट्रोल भी किया जा रहा है। अब उर्फी जावेद ने ट्विटर पर सोनाली के वीडियो को रीट्वीट करते हुए अपना पक्ष रखा। उन्होंने लिखा, "आपने जो कहा वह बेहद असंवेदनशील है। आप आज की मॉडल महिलाओं को आलसी कह रही हैं। आज की युवा महिलाएं सिर्फ अपना काम ही नहीं घर भी संभाल रही हैं। इसमें गलत क्या है? अगर वह सोचती हैं कि उसका पति अच्छा कमाने वाला होना चाहिए तो इसमें क्या परेशानी है।

काशी विश्वनाथ | योगी को मुख्यमंत्री बने हो गए 6 वर्ष

# 100 बार दर्शन करने वाले पहले सीएम योगी

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 मार्च 2017 को मुख्यमंत्री बनने से लेकर शनिवार 18 मार्च 2023 तक के 6 वर्ष या 72 माह हो चुके अपने कार्यकाल के दौरान बम भोले बाबा श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में 100 बार हाजिरी लगाते हुए दर्शन पूजन किए हैं। यह राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में बाबा काशी विश्वनाथ का 100 वीं बार दर्शन-पूजन किया है। योगी आदित्यनाथ श्री काशी विश्वनाथ के अलावा, काशी के कोतवाल कहलाने वाले बाबा काल भैरव के दरबार में भी 100वीं बार हाजिरी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं। इसकी एक वजह ये भी है कि जिस नाथ संप्रदाय से योगी आदित्यनाथ व उनका गोरक्षनाथ पंथ है , जिसके वह महंत हैं, उस नाथ सम्प्रदाय की उत्पत्ति आदिनाथ भगवान शिव द्वारा मानी जाती



है। इसलिए भगवान शिव के प्रति योगी आदित्यनाथ की अगाध श्रद्धा है। उनकी यह श्रद्धा केदारनाथ, सोमनाथ, अमरनाथ गुफा, महाकालेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, रामनाथस्वामी मंदिर के प्रति भी अगाध है।

इस बारे में काशी विश्वनाथ मंदिर गली में रहने वाले एक पुजारी का कहना है कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से योगी आदित्यनाथ जब भी काशी (बनारस / वाराणसी) आते हैं, लगभग हर बार बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाज़िरी जरूर लगाते हैं। वह मंदिर में षोडशोपचार(षोडशोपचार विधि से पूजा करने पर 16 चरणों में पूजा की जाती है। इसमें पाद्य, अर्घ्य, आमचन, स्नान, वस्त्र, उपवस्त्र (यज्ञोपवीत या जनेऊ) आभूषण, गंध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, ताम्बूल, स्तवन पाठ, तर्पण और नमस्कार किया जाता है) विधि विधान से दर्शन पूजन कर जनता के कल्याण की शुभ कामना करते हैं।

## जब रवीना टंडन ने किया क्विक स्टाइल के साथ डांस

**नॉर्वेजियन** डांस ग्रुप क्विक स्टाइल ने हाल ही में अपने मुंबई दौरे में भारतीय दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। क्रिकेटर विराट कोहली के साथ डांस करने से लेकर मुंबई की लोकल ट्रेन के अंदर इंप्रोमेप्टू डांस सेशन में शामिल होने तक,



सभी पुरुष डांस ग्रुप ने वास्तव में भारत की अपनी छोटी यात्रा पर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह ने बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन से भी मुलाकात की और उनके साथ उनके ब्लॉकबस्टर गीत "टिप टिप बरसा पानी" पर डांस किया।

## फिल्म 'नाम बदनाम' का फर्स्ट लुक के साथ धमाकेदार ट्रेलर हुआ आउट

**भोजपुरी** फिल्म जगत की मशहूर निर्देशक विष्णु शंकर बेलू और सुपर हॉट एक्ट्रेस




काजल राघवानी की फिल्म 'नाम बदनाम' का फर्स्ट लुक के साथ धमाकेदार ट्रेलर जारी हो गया है। इस फिल्म में काजल राघवानी के साथ मुख्य भूमिका में अभिनेता गौरव झा हैं। फिल्म के ट्रेलर के हिसाब से यह एक्शन और इमोशन का समागम वाली फिल्म लगती है जिसमें काजल राघवानी का किरदार आपको उलझन में डाल सकती है। 'नाम बदनाम' में काजल राघवानी की भूमिका डायना नामक दबंग गैंगस्टर की है, वहीं ट्रेलर के दूसरे हिस्से में उनकी भूमिका कई शेड्स में नजर आती है। फिल्म 'नाम बदनाम' का निर्माण कार्जड्स प्रालि के बैनर से हुआ है और इस फिल्म का ट्रेलर इंटर 10 रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है।